आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 2 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 240 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल आ गए हैं। जो सही साबित हुए तो निश्चित रूप से कांग्रेस को नई संजीवनी मिलेगी। एग्जिट पोल के मुताबिक तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। राजस्थान में कमल खिल सकता है। मिजोरम में त्रिशंकु विधानसभा बनने के आसार हैं। देखना दिलचस्प होगा की ये एग्जिट पोल कितने सही साबित होते हैं? पूर्व में एग्जिट पोल के विपरीत परिणाम भी देखने को मिले हैं। यह तो ईवीएम का मुंह खुलने पर ही पता चलेगा कि किसकी पौ बारह होती है और किसका तीन, तेरह, नौ, अठारह होता है।

सीबीएसई 10वीं-12वीं के छात्रों को नहीं मिलेगा डिवीजन और डिस्टिंक्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीएसई बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा से पहले एक बड़ा बदलाव किया गया है। शुक्रवार को बोर्ड ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में कोई डिवीजन या डिस्टिंक्शन नहीं देगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने मीडिया से कहा कि कोई समग्र विभाजन, अंतर या अंकों का योग नहीं दिया जाएगा। संयम भारद्वाज ने कहा कि बोर्ड अंकों के प्रतिशत की गणना, घोषणा या सूचना नहीं देता है। उन्होंने कहा कि अगर उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए अंकों का प्रतिशत आवश्यक है, तो गणना, यदि कोई हो, प्रवेश संस्थान या नियोक्ता द्वारा की जा सकती है। इससे पहले, सीबीएसई ने मेरिट लिस्ट जारी करने की प्रथा को भी खत्म कर दिया था। इससे बोर्ड एग्जाम टॉपर्स की लिस्ट भी जारी नहीं होती है।

डिटेल्ड डेटशीट का इंतजार

सीबीएसई बोर्ड द्वारा अगले साल होने वाली परीक्षा की डेटशीट जारी हो गई है। कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए डिटेल्ड डेटशीट जारी होने वाली है। सीबीएसई की ऑफि शियल वेबसाइट cbse.gov.in पर सब्जेक्ट वाइज डेटशीट जारी कर दी जाएगी। इस साल, सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वी कक्षा में मिलाकर 35 लाख से अधिक छात्रों के रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड अफसरों ने कहा है कि जल्द ही समय सारिणी जारी करेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी गंभीरता से शुरू कर देनी चाहिए।

अब इस तरह तैयार होगी मार्कशीट

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रतिशत गणना के मानदंडों को स्पष्ट करते हुए एक नोटिस जारी किया है। परीक्षा उपनियमों का हवाला देते हुए, नोटिस में इस बात पर जोर दिया गया है कि कोई समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन, एग्रीगेट नहीं दिया जाएगा। अगर किसी छात्र ने पांच से अधिक विषय लिए हैं, तो सर्वोत्तम पांच विषयों का निर्धारण करके मार्कशीट तैयार की जाएगी।

कुछ देशों के किए की कीमत दुनिया चुका रही : पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीओपी-28 क्लाइमेट समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमीर देशों पर निशाना साधा। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि सदियों पहले चंद देशों के किए की कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ रही है। जो भी देश ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं उन्हें क्लाइमेट चेंज का सामना करने के लिए विकासशील और गरीब देशों को निस्वार्थ होकर टेक्नोलॉजी ट्रांसफ र करनी चाहिए। पीएम ने 2028 की क्लाइमेट समिट यानी सीओपी-33 भारत में होस्ट करने की मंशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत ने इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन का उदाहरण दुनिया के सामने पेश किया है। 17 फीसदी आबादी के बावजूद कार्बन उत्सर्जन में हमारी हिस्सेदार सिर्फ 4 फीसदी है। हमारा लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 45 फ़ीसदी तक घटाना है। भारत ने ग्लोबल बायो फ्यूल एलायंस बनाया। क्लाइमेट फ़ाइनेंस फ़ंड को मिलियन से बढ़ाकर ट्रिलियन डॉलर तक करना चाहिए। पीएम क्लाइमेट समिट में शामिल होने के लिए 30 नवंबर की रात दुबई पहुंचे थे। सीओपी-28 की बैठक में पहुंचे पीएम मोदी ने कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात की। वे इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट से मिले।

बैठक का एजेंडा- कार्बन एमिशन कम करना

सीओपी-28 क्लाइमेट समिट 12 दिसंबर तक चलेगी। इसमें पीएम मोदी के अलावा किंग चार्ल्स, ऋषि सुनक, कमला हैरिस समेत दुनियाभर के 167 नेता क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) और इसके समाधान के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पिछले कुछ सालों में क्लाइमेट चेंज पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इस बैठक का फोकस फॉसिल फ्यूल और कार्बन एमिशन (उत्सर्जन) पर लगाम लगाना है।

आर्थिक मदद देने पर होगी चर्चा : वहीं, समिट में क्लाइमेट फ़ाइनेंस यानी क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए आर्थिक मदद देने पर भी चर्चा होगी। दरअसल, पिछले साल मिस्र में हुई सीओपी-27 समिट में 200 देशों ने एक समझौता किया था। इसमें क्लाइमेट चेंज के लिए जिम्मेदार अमीर देशों को गरीब और विकासशील देशों को दिया जाने वाला फ़ंड बनाने के लिए कहा गया था।

तीसरी बार क्लाइमेट समिट का हिस्सा बने मोदी

पीएम मोदी तीसरी बार जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पहले मोदी ने 2021 में ग्लासगो में हुए सीओपी-26 सम्मेलन में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए पंचामृत नीति और मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायर्नमेंट की घोषणा की थी। मोदी 2015 में पेरिस में हुई सीओपी-21 में भी शामिल हुए थे। इस दौरान 190 से ज्यादा देशों ने पेरिस समझौते पर सहमति जताई थी। इस समझौते के तहत बढ़ते ग्लोबल टेम्प्रेचर को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की बात हुई थी। इसका मकसद ग्लोबल वॉर्मिंग कम करना था।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी, टीम इंडिया में 4 बदलाव

रायपुर/नवप्रदेश। भारत-ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को रायपुर में खेला गया। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टीम इंडिया 4 बदलाव के साथ उतरी है। टीम में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह की जगह दीपक चाहर, तिलक वर्मा की जगह श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की जगह जितेश शर्मा को शामिल किया गया है। टॉस के समय सूर्या जितेश शर्मा का नाम भूल गए। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम 5 बदलाव के साथ उतरी है। बेन ड्वारशस, बेन मैक्डरमॉट, क्रिस ग्रीन, जोश फि लिप और मैथ्यू शॉर्ट प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोयनिस, केन रिचर्ड्सन, जोश इंग्लिस और नाथन एलिस को डगआउट में बैठाया गया है।

सड़क दुर्घटना में आठ तीर्थयात्रियों की मौत, 12 घायल

भुवनेश्वर (वार्ता)। ओडिशा के क्योंझर जिले में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गए। गंजम जिले के दिगपहांडी ब्लॉक के पोदामारी निवासी कुछ लोग माता तारिणी के दर्शन के लिए जा रहे थी। इसी दौरान उनका वाहन मंदिर से कुछ ही किलोमीटर दूर घाटगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 20 पर एक फंसे हुए ट्रक से टकरा गया। हादसे में सात तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को समीप के घाटगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में उन्हें कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भे जदिया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुर्घटना में शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं : कमलनाथ

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कई एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत की ओर प्रदर्शित करने पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि जनता मतगणना के बाद कांग्रेस सरकार पर मुहर लगाएगी और देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, ' कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूं। आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं और आपकी मेहनत और समर्पण से ही जनता ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर वोट डाला है। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। ' कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पश्चिम बंगाल में बीजेपी के 11 विधायकों पर केस दर्ज

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 विधायकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बीजेपी द्वारा विधानसभा परिसर में दिए गए धरने के दौरान राष्ट्रगान का अपमान करने के आरोप में यह एफआईआर दर्ज की गई है। संसदीय मामलों के मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा कि ये शिकायतें तृणमूल कांग्रेस विधायक दल की ओर से दर्ज कराई गई हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी के विधायक 29 नवंबर को राज्य के प्रति केंद्र के ''भेदभावपूर्ण रवैये'' के खिलाफ प्रदर्शन बंद करने से पहले, बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राष्ट्रगान गा रहे थे। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने राष्ट्रगान के दौरान भाजपा विधायकों पर राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाने तथा घंटियां बजाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान बमुश्किल 50 मीटर की दूरी पर गाया जा रहा था। भाजपा ने कहा कि भले ही टीएमसी विधायकों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया हो, लेकिन उनकी आवाज बहुत धीमी थी, जो उनके विरोध स्थल से सुनाई नहीं पड़ रही थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि टीएमसी उसके विधायकों को मनगढंत आरोपों में फंसाने की कोशिश कर रही है। वरिष्ठ मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधेयकों पर सहमति रोकने के बाद राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते : सुको

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा की ओर से भेजे गए विधेयक पर एक बार जब राज्यपाल सहमति नहीं देते तो बाद में यह नहीं कह सकते कि वह इसे राष्ट्रपति के पास भेज देंगे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की और स्पष्ट किया कि एक बार जब राज्यपाल सहमति रोक देते हैं तो वह इसे हमेशा के लिए रोककर विधेयक को खत्म नहीं कर सकते। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि बहुत सारी चीजें हैं जिन्हें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और वहां के राज्यपाल के बीच हल करना होगा। पीठ ने कहा, यदि राज्यपाल मुख्यमंत्री से बातचीत करते हैं और उनकी सहमति के लिए प्रस्तुत विधेयकों के निपटारे के संबंध में गतिरोध को हल करते हैं तो हम इसकी सराहना करेंगे। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि राज्यपाल इस गतिरोध को दूर करें। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि हम उच्च संवैधानिक पद के साथ काम कर रहे हैं...संविधान के अनुच्छेद 200 के मूल भाग के तहत राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं। वह विधेयक पर सहमति दे सकते हैं। सहमति रोक सकते है या वह को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर सकते है। पीठ ने कहा, एक बार जब राज्यपाल सहमति रोक देते हैं तो इसे राष्ट्रपति के पास भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। अटॉर्नी जनरल के अपनी ओर से यह कहने पर कि यह एक खुला प्रश्न है और इसकी जांच की जानी चाहिए, पीठ ने कहा, हमने वह कानून बनाया है।यह हमारे फैसले (पंजाब के राज्यपाल मामले में) द्वारा शासित है। पीठ ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति एक निर्वाचित पद रखता है। इसलिए संविधान ने उसे अधिक व्यापक शक्तियाँ प्रदान की हैं। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार के नामित व्यक्ति के रूप में राज्यपाल को अनुच्छेद 200 के मूल भाग में निर्दिष्ट तीन विकल्पों में से एक का उपयोग करना चाहिए।

बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में बेंगलुरु के 48 प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी शुक्रवार 1 दिसंबर को ई-मेल के जरिए दी गई। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गए हैं। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने स्कूलों से स्टूडेंट्स और स्टॉफ को बाहर निकाला और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मौके पर बम डिफ्यूजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी सैबोटाज टीम भी पहुंची। बम की सूचना पर पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों को लेने आ गए। इससे अफ़रा-तफरी मच गई। हालांकि, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ई-मेल को अफ़वाह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासी बिसात... चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल सर्वे में सभी की नजर हिंदी बेल्ट के 3 राज्यों पर टिकी थी

कांग्रेस छग और राजस्थान जीती तो बीजेपी को लोस चुनाव के लिए बदलनी पड़ेगी रणनीति

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले महीने 5 राज्यों में हुए चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल सर्वे में सभी की नजर हिंदी बेल्ट के 3 राज्यों पर टिकी हुई थी। कुछ सर्वे का कहना है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव जीत रही है और इसके साथ ही वह यहां पर अपना कब्जा बरकरार रखने में कामयाब दिख रही है। ये चुनाव इसलिए भी अहम हैं क्योंकि कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव होने हैं और उस चुनाव से पहले ये परिणाम देश के भविष्य की सियासत तय करेंगे। फ़िलहाल लोकसभा चुनाव से पहले सर्वे जो कह रहे हैं अगर वो सच हुए तो कांग्रेस के यह परिणाम सुखद साबित होंगे। वहीं बीजेपी को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति बदलनी पड़ सकती है। चुनाव बाद आए सर्वे में कांग्रेस के लिए अच्छी खबर यह है कि कुछ सर्वे के अनुसार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी पकड़ बनाए रखने में कामयाब दिख रही है। राजस्थान की बात करें तो टुडेज चाणक्या, सीएनएक्स और एक्सिस माय इंडिया के अपने-अपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस शासित राज्यों की संख्या बढ़ेगी

हिंदी बेल्ट के सबसे बड़े राज्यों में से एक राजस्थान में कांग्रेस की जीत का मतलब है कि वह राजस्थान और उससे सटे राज्यों में प्रमुखता के साथ लोकसभा चुनाव लड़ सकेगी। लोकसभा चुनाव में अब चंद महीने ही बचे हैं और इससे पहले 5 राज्यों के चुनावों में अगर कांग्रेस 2 से 3 राज्यों में जीत हासिल करती है, तो बीजेपी के लिए उसके खिलाफ नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ सकती है। एग्जिट पोल सर्वे तो यह बता ही रहे हैं कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बहुमत हासिल कर रही है। जबकि कुछ सर्वे तो मध्य प्रदेश में तो कुछ सर्वे राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत के साथ जीत बता रहे हैं। ऐसे में चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस शासित राज्यों की संख्या में इजाफा होने के पूरे आसार दिख रहे हैं।

मजबूती से लोकसभा लड़ेगी कांग्रेस

अगर ये एग्जिट पोल सर्वे चुनावी परिणाम में तब्दील हो गए तो कांग्रेस के लिए यह बड़ी राहत की बात होगी, साथ ही उसके शासित राज्यों की संख्या में कमी नहीं आएगी और यह जीत उसे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जोश के साथ जाने को प्रोत्साहित करेगी। फ़िलहाल इस समय कांग्रेस का 4 राज्यों (कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश) में शासन है। इसी साल मई में कांग्रेस ने कर्नाटक में जीत के साथ सरकार बनाई थी। ऐसे में अगर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत मिलती है तो कांग्रेस के लिए उसके अपने 2 अहम गढ़ सुरक्षित रहेंगे। यह गढ़ लोकसभा चुनाव में काम आएंगे।

■ न्यूज गैलरी

केंद्रीय गृह मंत्री ने शहीद किशन दुबे की मां को सम्मानित किया

रांची(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में अपने कर्तव्य के दौरान प्राणों का बलिदान देनेवाले बीएसएफ के जवान किशन दुबे को आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हजारीबाग में पुलिस मेडल फॉर मेडल-पीएमजी मरणोपरांत प्रदान किया। झारखंड के हजारीबाग जिला के मेरु कैंप बीएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर एंड स्कूल में शहीद किशन दुबे की मां जगमाया देवी ने यह सम्मान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2023 की पूर्व संध्या पर कीताडीह निवासी शहीद किशन दुबे के मेडल की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिला के नवगांव सेक्टर में एफडीएल पोस्ट पर तैनात किशन दुबे को शाम के वक्त पाकिस्तान के पीओके-2 से एसएसजी कमांडों ने स्नाइपर शॉट से हमला कर दिया था। इस दौरान किशन दुबे शहीद हो गये थे। सम्मान समारोह में सबसे पहला नाम शहीद किशन दुबे की माता जगमाया देवी का था।

स्वास्थ्य और समृद्धि है 'हर घर नल से जल' का लक्ष्य : शेखावत

नई दिल्ली(वार्ता)। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है

कि जल जीवन मिशन से लाखों बच्चों की जीवन को बचाया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि इस दूरगामी सोच से देश में नागरिकों को स्वस्थ और समृद्धि बनाया जा रहा है। श्री शेखावत ने 'हर घर नल से जल' योजना को देश के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक बताया और कहा कि आम जन के हित की यह अत्यंत सफल योजना है और श्री मोदी के इस विजन का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर कहा, जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 1.36 लाख बच्चों की प्राण रक्षा हो रही है। यह तथ्य नोबेल पुरस्कार विजेता माइकल क्रेमर ने दिया है। मोदी जी के विजन से 'हर घर जल' का नारा हर घर स्वास्थ्य और समृद्धि को भी लक्षित। गौरतलब है कि जलशक्ति मंत्रालय का राष्ट्रीय जल मिशन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने आज यहां महरौली के शम्सी तालाब, जहाज महल में 'जल इतिहास उत्सव' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य जल विरासत स्थलों की सुरक्षा के प्रति सार्वजनिक चेतना बढ़ाना, जनता के बीच स्वामित्व की भावना उत्पन्न करना, पर्यटन को बढ़ावा देना और ऐसी विरासत संरचनाओं का जीर्णोद्धार करना है। यह भव्य आयोजन 15 से 30 नवंबर तक देश के विभिन्न जिलों में 75 'प्राकृतिक जल विरासत संरचनाओं' में मनाए जा रहे जल विरासत पखवाड़े के समापन का प्रतीक है।

सड़क हादसे में 8 तीर्थ यात्रियों की मौत, 12 घायल

भुवनेश्वर(वार्ता)। ओडिशा के क्योंझर जिले में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रो ने बताया कि गंजम जिले के दिगपहांडी ब्लॉक के पोदामारी निवासी कुछ लोग माता तारिणी के दर्शन के लिए जा रहे थी। इसी दौरान उनका वाहन मंदिर से कुछ ही किलोमीटर दूर घाटगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 20 पर एक फंसे हुए ट्रक से टकरा गया। हादसे में सात तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को समीप के घाटगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में उन्हें कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजदिया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुर्घटना में शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने प्रशासन को घायलों को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिये तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने

इजराइल-हमास में सीजफायर के बाद फिर छिड़ी जंग

इजराइली शहरों पर इस्लामिक जिहाद का हमला, 32 फिलिस्तीनियों की मौत

नई दिल्ली(ए.)। इजराइल-हमास के बीच हफ्तेभर के सीजफायर के बाद फिर जंग शुरू हो गई है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक गाजा में आईडीएफ ने बमबारी शुरू कर दी है। वहीं इजराइल के होलित इलाके में रॉकेट अलर्ट जारी किया गया है। आईडीएफ ने हमास पर सीजफायर का उल्लंघन करने के आरोप लगाए हैं।

कई इजराइली शहरों पर सुबह इस्लामिक जिहाद के मिलिट्री विंग अल-कुद्स ने हमला कर दिया। इजराइल ने अटैक के चलते उत्तरी इजराइल में 2 हाईवे बंद कर दिए हैं। साथ ही बॉर्डर वाले इलाकों में खेती के काम पर भी रोक लगा दी गई है। इजराइली सेना ने गाजा के लोगों को खान यूनिस इलाके को खाली करने का आदेश भी दिया है। इसके लिए अरबी भाषा में लिखे पर्चे गिराए गए हैं। वहीं, हमास ने कहा है कि इजराइल ने सुबह राफा के पास बमबारी की। इसमें दर्जनों फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। सीजफायर के 3 घंटे के भीतर 32 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

इधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास और बंधकों को नहीं छोड़ना चाहता था। इस वजह से सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। हमास ने सभी महिलाओं को भी रिहा नहीं किया और इजराइल पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए। 7 अक्टूबर को शुरू हुई जंग में इजराइल के 1200 जबकि गाजा में 14 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सीजफायर खत्म होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल से रवाना हो गए।

सीजफायर के बीच 1,132 ट्रक मदद लेकर गाजा पहुंचे

24 नवंबर को शुरू हुए सीजफायर के बीच गाजा में 1.132 ट्रक मदद लेकर गाजा पहुंचे हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दी। PRCS के मुताबिक, सीजपायर के दौरान हर दिन जरूरत का सामान लिए 220 ट्रकों ने गाजा में एंट्री ली। जंग के पहले यहां 500 ट्रक मदद लेकर पहुंचते थे। वहीं, मदद पहुंचाने वाली कई एजेंसी का कहना है कि गाजा में हर दिन 200 से ज्यादा ट्रक मदद लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन ये मदद वहां रह रहे लोगों के लिए काफी नहीं है।

हमास ने बच्चों के पैर मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट से जलाए

हमास की कैद से रिहा किए गए बच्चों ने दावा किया है कि आतंकियों ने उनकी पहचान करने के लिए उनके पैर जलाए। इसके लिए मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट का इस्तेमाल किया गया। सभी बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाया और उनके पैर जलते हुए एग्जॉस्ट पर रखे गए। इजराइली मीडिया हाउस यरूशलम पोस्ट के मुताबिक 12 साल के यागिल और 16 साल के याकोव ने रिहाई के बाद ये बातें अपने परिवार वालों को बताई। उनके अंकल यानिव ने ये भी बताया की हमास ने ड्रग्स का इस्तेमाल कर उन्हें बार-बार एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री ने दोनों बच्चों की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की हैं। उन्होंने लिखा की हमास के लड़ाके राक्षस हैं उन्हें खत्म करना ही होगा। हमास ने 7वें बैच में 40 साल की अमित सौंसना को आजाद किया। सौंसना किबुत्ज कफर अज्जा में रहती हैं। 7 अक्टूबर को हमास हमले के दौरान सौंसना ने अपने परिवार से बात की थी। उन्हें बताया था कि घर के बाहर आतंकी हैं। ये बोलने के बाद घर में गोलीबारी होने लगी। घरवाले नहीं जानते थे कि सौंसना को क्या हुआ है। 29 अक्टूबर को सेना ने जानकारी दी कि हमास ने उन्हें बंधक बना लिया है।

सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली रिहा

7 दिन की सीजफायर में हमास ने 110 इजराइलियों को रिहा किया है। सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली बंधकों को आजाद किया गया। इनमें से 2 महिलाएं गुरुवार दोपहर में ही रिहा कर दी गई थीं। 6 बंधकों को शाम को रिहा किया गया। बदले में इजराइल ने 30 फिलिस्तीनियों को रिहा किया। इनमें 22 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं।

रातभर चली रेड में 23 फिलिस्तीनी गिरफ्तार

इजराइली सेना हमास के खात्मे के लिए वेस्ट बैंक में रेड कर रही है। यहां रातभर में 23 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 10 हमास के आतंकी हैं। 7 अक्टूबर के बाद से अब तक वेस्ट बैंक में रह रहे 2100 से ज्यादा फिलिस्तीनियों के गिरफ्तार किया जा चुका है। सेना का कहना है कि इन लोगों के पास से हथियार बरामद हुए थे।

आतंक को आतंक से खत्म नहीं कर सकते : पोप

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, ईसाइयों के सबसे बड़े धर्म गुरु पोप फ्रांसिस ने पिछले महीने इजराइली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से बात की थी। उन्होंने कहा था- गाजा में जो इजराइली हमले हो रहे हैं वो आतंकवाद है। आतंक को आतंक से खत्म नहीं किया जा सकता। वहीं, पिछले हफ्ते पोप ने जनता को संबोधित करते हुए कहा था- हम जंग से आगे निकल चुके हैं। ये जंग नहीं है। ये आतंकवाद है।

'अल-अक्सा फ्लड' के खिलाफ इजराइल का ऑपरेशन 'सोर्ड्स ऑफ आयरन'

हमास ने इजराइल पर 7 अक्टूबर को हमला किया था। उसने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को 'अल-अक्सा फ्लड' नाम दिया। इसके जवाब में इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ 'सोर्ड्स ऑफ आयरन' ऑपरेशन शुरू किया। हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा था- ये हमला यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। दरअसल, इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंके थे। वहीं, हमास के प्रवक्ता गाजी हामद ने अल जजीरा से कहा था- ये कार्रवाई उन अरब देशों को हमारा जवाब है, जो इजराइल के साथ करीबी बढ़ा रहे हैं। अमेरिका की पहल पर सऊदी अरब इजराइल को देश के तौर पर मान्यता दे सकता है।

चुनाव में व्यस्त रहा तेलंगाना, आंध्रप्रदेश ने रातोंरात किया बड़ा खेला

हैदराबाद। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान होने से पहले ही आंध्र प्रदेश सरकार ने रातोंरात बड़ा खेल कर दिया। कृष्णा नदी पर बने नागार्जुन सागर बांध के आधे हिस्से को आंध्र प्रदेश ने अपने कंट्रोल में ले लिया और पानी अपनी ओर बहा दिया। मालूम हो कि साल 2014 से ही तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच बांध को लेकर विवाद चला आ रहा है जब ये दोनों राज्य अलग हुए थे। तेलंगाना की के. चंद्रशेखर राव सरकार ने इसे लेकर कृष्णा रिवर मैनेजमेंट बोर्ड से शिकायत की है। इसमें आंध्र प्रदेश की YSRCP सरकार की ओर से बांध पर कब्जा जमाने और कुछ हिस्सों पर बैरिकेड लगाने का आरोप है। केआरएमबी ही दोनों राज्यों के बीच पानी का बंटवारा करता है। आंध्र प्रदेश पुलिस के करीब 400 जवान राज्य सिंचाई अधिकारियों के साथ गुरुवार को रात 1 बजे तक बांध के पास मौजूद रहे। इस तरह चुनावी राज्य तेलंगाना की पुलिस को हैरत में डालते हुए उन्होंने बांध के 36 गेट्स में से आधे पर कंट्रोल स्थापित कर लिया। जब तेलंगाना के अधिकारी और कुछ पुलिसकर्मी नालगोंडा में बांध के पास पहुंचे तो इसे लेकर आंध्र प्रदेश के पुलिसकर्मियों के साथ उनकी बहस होने लगी। इस पर एपी अधिकारियों ने तर्क दिया कि वे लोग अपनी सरकार से मिले आदेश का पालन कर रहे हैं।

17 दिनों तक टनल में फंसे मजदूरों के बीच दिखा ऐसा जज्बा

नई दिल्ली। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्कयारा सुरंग में अपने 40 साथियों के साथ 17 दिनों तक फंसे जॉयदेब परमानिक का काम करने का जज्बा अभी भी कम नहीं हुआ है। वह घर नहीं लौटना चाहता है। वह अपनी आजीविका कमाना जारी रखना चाहता हैं। पश्चिम बंगाल के हुगली के निमडिंगी के रहने वाले जॉयदेब वीडियो कॉल के जरिए अपनी मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में है, लेकिन वह अपना काम फिर से शुरू करना चाहता है। आपको बता दें कि कुछ साल पहले ही वह काम के सिलसिले में पश्चिम बंगाल से दूर उत्तराखंड पहुंचे थे। सुरंग ढहने से उनके जीवन की दिशा बदल गई। वह और बंगाल के दो अन्य श्रमिक 17 दिनों तक अन्य लोगों के साथ अंदर फंसे रहे। यह खबर आने पर उनका परिवार टूट गया

और उनकी मां तापती परमानिक अपने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करने के लिए रोजाना मंदिर जा रही थीं। सुरंग से बाहर आने के बाद उन्होंने सबसे पहले घर फोन किया और घर लौटने के बारे में अपनी मां के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा, मैं घर नहीं आऊंगा। मेरे पास दो दिन का काम बचा है।'' जॉयदेब का एम्स ऋषिकेश में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि सुरंग के अंदर पहले कुछ दिन काफी निराशाजनक थे। सभी के मन में अनिश्चितता और चिंता व्याप्त थी। लेकिन उसके बाद ये सब खत्म हो गया। वहां सिर्फ स्नान करने की समस्या थी। यहां तक कि अंदर भेजा गया खाना भी अच्छा था।जॉयदेब ने अपनी मां को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी भी स्वास्थ्य समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वह चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

जायकवाड़ी फ्लोटिंग सोलर, सम्मेलन केंद्र के काम में तेजी लाई जाए : फडणवीस

मुंबइ(वार्ता)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण में जयकवाडी बांध पर फ्लोटिंग सोलर, डीएमआईसी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, वालूज से शेन्द्रा पुल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और इन विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। गुरुवार रात जारी आधिकारिक प्रेस बयान के अनुसार, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड की उपस्थिति में सह्याद्री गेस्ट हाउस में गुरुवार शाम श्री फड़णवीस की अध्यक्षता में छत्रपति संभाजीनगर में विकास कार्यों के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

ईशनिंदा पर जल रही घाटी, 1 महीने के लिए सारे कॉलेज बंद, एनआईटी कराया खाली

श्रीनगर। सांप्रदायिक तौर पर संवेदनशील कश्मीर घाटी में पैगंबर मोहम्मद के अपमान का मसला बड़ा होता जा रहा है। इसके चलते राज्य में तनाव बढ़ रहा है और अब घाटी में कॉलेजों को बंद करना पड़ा है। घाटी के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑफलाइन क्लासेज को बंद कर दिया गया है। सभी कॉलेजों के मैनेजमेंट से कहा गया है कि वे अगले आदेश तक ऑनलाइन क्लासेज ही चलाएं। श्रीनगर के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को तो बंद ही करना पड़ा है। इसके अलावा हॉस्टल भी खाली करा लिए गए हैं। इसी संस्थान के एक छात्र ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर की थी। इसको लेकर बवाल बढ़ गया और छात्र संगठन प्रदर्शन करने लगे। यही नहीं श्रीनगर समेत घाटी में कई

जगहों पर इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए हैं। इसकी वजह से चिंता यह भी है कि अलगाववादी इन विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा आतंकवादी भी इस मामले के बहाने लोगों को उकसाने की कोशिश कर सकते हैं। प्रशासन ने यह भी आदेश दिया है कि कोई भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करे। किसी की पोस्ट पर कॉमेंट आदि न करे। इसके अलावा ऐसे संदेशों को फॉरवर्ड करने से भी बचें। पुलिस का कहना है कि आरोपी एआईटी छात्र के खिलाफ आईपीसी के सेक्शन 153 और 295 के तहत केस दर्ज किया गया है। रजिस्ट्रार की शिकायत के बाद यह ऐक्शन लिया गया।हालांकि प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इतना ही काफी नहीं है। आरोपी छात्र को अरेस्ट किया जाए और उसके खिलाफ कड़ी सजा तय हो। हालात इतने विकट हो गए हैं कि एनआईटी में सर्दियों का अवकाश पहले ही घोषित कर दिया गया है।

पुलवामा मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी ढ़ेर

श्रीनगर(वार्ता)। दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पुलवामा के अरिहाल गांव में गुरुवार को घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा था। इसी दौरान वहो छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच चली मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

उन्होंने बताया कि मृत आतंकवादी की पहचान पिंजूरा शोपियां निवासी मोहम्मद अयूब अली के बेटे किफायत अयूब अली के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। पुलिस रिकॉर्ड में शोपियां में उसके खिलाफ कई अपराधों में उसके संलिप्त होने के मामले दर्ज हैं। सुरक्षा बलों ने मौके पर एक पिस्तौल, दो मैगजीन, पांच आरडीएस और दो ग्रेनेड सहित हथियार और गोला-बारूद के साथ आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। पुलिस ने क्षेत्र की आम जनता से अनुरोध किया है कि वे तब तक मुठभेड़ स्थल पर न जाएं जब तक कि क्षेत्र को पूरी तरह से साफ नहीं कर दिया जाता है और किसी भी संभावित विस्फोटक सामग्री को साफ नहीं कर दिया जाता है।

हिमाचल जाएंगे मल्लिकार्जुन खड़गे-राहुल और प्रियंका गांधी

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल की कांग्रेस सरकार 11 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी शामिल हो सकती हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने तीनों राष्ट्रीय नेताओं को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। गौरतलब है कि बीते साल 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने रिज पर आयोजित कार्यक्रम में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। लिहाजा 11 दिसंबर को सरकार का एक साल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर सरकार कांगड़ा में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी में है। हालांकि अभी फइनल वेन्यू तय नहीं है, लेकिन धर्मशाला या शाहपुर के चंबी ग्राउंड में इस कार्यक्रम को करने की चर्चाएं है।

दिल्ली की अदालत का दरवाजा खटखटाने जा रही पाक से लौटी अंजू

नई दिल्ली। पाकिस्तान में प्रेमी नसरुल्ला के साथ 5 महीने बिताने के बाद लौटी अंजू उर्फ फातिमा के दिल्ली में होने की खबर है। वह दिल्ली की अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। पहले पति अरविंद की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत को रद्द कराने और बच्चों से मुलाकात की मांग को लेकर अंजू कोर्ट में याचिका दायर करने जा रही है।

बताया जा रहा है कि अंजू अपने वकील के साथ कोर्ट में जाकर याचिका दायर करेगी। विजेंद्र नाम के एक यूट्यूबर ने यह दावा किया है।

'मोदी-मोदी' और 'अबकी बार मोदी सरकार' के साथ दुबई में हुआ पीएम का स्वागत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार देर रात दुबई पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली से रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का आह्वान किया। पीएम मोदी ने दुबई पहुंचने पर लिखा, ÷सीओपी-28 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दुबई पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन की कार्यवाही को लेकर उत्सुक हूं, जिसका उद्देश्य एक बेहतर ग्रह बनाना है।'' प्रवासी भारतीयों को 'मोदी-मोदी',

'अबकी बार मोदी सरकार' और 'वंदे मातरम' जैसे नारों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र का स्वागत करते हुए देखा जा सकता है। एक दूसरे वीडियो में पीएम मोदी को उनसे हाथ मिलाते और बातचीत करते देखा जा सकता है। प्रवासी भारतीयों में से एक ने पीएम मोदी से मुलाकात पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, ''मैं 20 साल से यूएई में रह रहा हूं, लेकिन आज ऐसा लगा जैसे मेरा कोई अपना इस देश में आया हो। पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाला भारत का हीरा है।'' एक अन्य सदस्य ने कहा, ''हम पीएम मोदी को यहां देखकर बहुत खुश हैं। दुनिया को पीएम मोदी जैसे नेता की जरूरत है।'' पीएम मोदी ने भी दुबई में भारतीय समुदाय से मुलाकात के बाद खुशी जताई। उन्होंने कई तस्वीरें भी शेयर की हैं। पीएम मोदी ने लिखा, ÷दुबई में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी से स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं। उनका समर्थन और उत्साह हमारी जीवंत संस्कृति और मजबूत संबंधों का प्रमाण है।'' पीएम मोदी ने दिल्ली से रवाना होने पहले अपने बयान में कहा, ''जी20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान जलवायु हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर थी। नई दिल्ली घोषणापत्र में जलवायु कार्रवाई और सतत विकास पर कई ठोस कदम शामिल हैं। मैं इन मुद्दों पर आम सहमति को सीओपी28 में आगे बढ़ाये जाने की उम्मीद करता हूं।''

हमारे नेता तो अब यहीं से लड़ेंगे चुनाव', वीणा के बाद अब चिराग का पारस को डबल शॉट

पटना(ए.)। चाचा पशुपति पारस और भतीजे चिराग पासवान के बीच घमासान कोई नया नहीं है। जब से रामविलास पासवान की पार्टी एलजेपी में दो फाड़ हुआ तभी से दोनों सियासी दिग्गज एक-दूसरे के खिलाफ शह-मात का खेल कर रहे। चल रहे अंतर-पारिवारिक संघर्ष के बीच, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी ने बड़ा ऐलान कर दिया। पार्टी ने दो टूक कहा कि चिराग पासवान बिहार के हाजीपुर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। ये सीट चिराग के पिता और पार्टी संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान का गढ़ माना जाता है।

'हाजीपुर से दावेदारी करेंगे चिराग पासवान'

संसद में हाजीपुर का प्रतिनिधित्व चिराग के चाचा पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं। वो अभी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। पारस

ने हाजीपुर में 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें उन्होंने खुद को राम विलास पासवान की एलजेपी के 'असली राजनीतिक उत्तराधिकारी' के तौर पर पेश किया था। एक ओर पशुपति पारस ये दावा कर रहे थे तो दूसरी ओर उनके खेमे की वीणा देवी ने चिराग पासवान का सपोर्ट कर दिया। वो पटना में चिराग के साथ मंच साझा करती दिखीं। अब चिराग की पार्टी एलजेपी ने बड़ा दावा कर दिया।

एलजेपी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे ने एक स्थानीय न्यूज चैनल को बताया कि हाजीपुर के लोगों ने चिराग को चुनने का मन बना लिया है। हमारे नेता वहां से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वर्तमान में, चिराग संसद में जमुई लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह कहते हुए कि हाजीपुर पार्टी के संस्थापक दिवंगत राम विलास पासवान की पारंपरिक लोकसभा सीट रही है, हुलास पांडे ने कहा कि स्थानीय लोग अपने 'असली राजनीतिक उत्तराधिकारी' को आशीर्वाद देने का इंतजार कर रहे थे। जिससे वह इस निर्वाचन क्षेत्र की बेहतर तरीके से सेवा कर सकें।

रमन, अरुण और चंदेल बोले 3 दिसंबर को कमल खिलेगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 का एग्जिट पोल में कांग्रेस को जीत दिलाई गई है। ऐसे में बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने अपना अपना तर्क देते हुए एक्जिट पोल को नकार दिया है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, अरुण साव और नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा 3 दिसंबर को प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा।

रमन सिंह ने कहा, प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने वाली है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह बोले 75 पार की बात करने वाली कांग्रेस सर्वे में 40 सीट पर पहुंची है, 3 दिसंबर के नतीजों में 35 के नीचे रहेगी। वहीं प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा एक्जिट पोल मात्र आकलन है, जनता कांग्रेस और भूपेश सरकार के कुशासन की विदाई चाहती है, छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने का भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि एग्जिट पोल सीमित सेम्पल साइज का होता है। भारतीय जनता पार्टी का सैंपल साइज बहुत बड़ा है। हमारे पास कार्यकर्ताओं की लंबी फेहरिस्त है। अरुण साव बोले- मैं डेढ़ साल से पूरे छत्तीसगढ़ में घूम रहा हूं। एक-एक विधानसभा में गया। जनता से संवाद किया। कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उस आधार पर मैं बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर को जब मतगणना होगी, तब भाजपा की सरकार बनेगी। कमल खिलेगा।

हार के बहाने तलाशने भाजपा चुनाव आयोग जा रही: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के द्वारा बार-बार चुनाव आयोग जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा अपने तय हार के लिये अभी से बहाना तलाश कर रही है। इसीलिये भाजपा के नेता रोज-रोज नये बहाने तलाशने चुनाव आयोग पहुंच कर आरोप लगाते है। भाजपा कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाती है, तो कभी जिलों के अधिकारियों को धमकाती है, तो कभी स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के मनगढ़त आरोप लगाती है। भाजपा की यह बौखलाहट बताती है कि भाजपा चुनाव में बुरी तरह से पराजित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा द्वारा लगातार बयानों और चुनाव आयोग में गलत शिकायत करके अधिकारियों को धमका रही है। चुनाव में तय हार की खीझ से भाजपाई अधिकारियों को धमकाने और डरवाने पर उतर आये हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। भाजपा के नेता सरकार बनाने के मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे है। राज्य में कांग्रेस की सरकार दो तिहाई बहुमत के साथ वापस आएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन थी चुनाव में भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का जम कर दुरूपयोग किया। जनता ने भाजपा के सारे षड़यंत्रों को नकार कर उसके खिलाफ मतदान किया है।

न्यूज गैलरी

नाबलिग का अपहरण कर किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। इस घटना में युवक ने पहले नाबालिग का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया, फिर रायपुर में ही अपने रिश्तेदार के घर पर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दे दिया। इस मामले में कबीर नगर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग के पिता ने कबीर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 25 नवंबर को सुबह 11 बजे के करीब किसी ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया है। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस को वाल्मिकी नगर के ही रहने वाले एक युवक पर शक हुआ, तो पुलिस ने मुखबिर से युवक का पता लगवाया। युवक की लोकेशन रायपुर में ही मिली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नाबालिग 12वीं क्लास की स्टूडेंट है। वह 25 नवंबर को स्कूल के लिए निकली थी। इसी दौरान आरोपी कुणाल जगत ने रास्ते में उसे रोक लिया, फिर उसे झांसे में लेते हुए बाइक से घुमाकर लाने की बात कही। नाबालिग को लेकर वह काठाडीह स्थित अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा। वहां घर पर जब कोई मौजूद नहीं था, तो उसने फायदा उठाते हुए नाबालिग का रेप कर दिया।

घरेलू विवाद में पत्नी को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। अवनी विहार दलदल सिवनी में घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिप्ति पिल्ले 41 वर्ष अवनी विहार दलदल सिवनी का रहने वाली है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया के पति आरोपी मितेश कुमार स्वामी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सेल्समेन ने की ग्राहक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। छोटे उरला के शराब दुकान में सेल्समेन ने ग्राहक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश सिन्हा 36 वर्ष सरस्वती नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी छोटे उरला के शराब दुकान में शराब खरीदने गया था। जहां ओवररेट लगाने पर प्रार्थी ने आपत्ति जताई तो शराब दुकान के सेल्समेन आरोपी आदित्य बघेल व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास सरेआम शराब पीते आरोपी देव निषाद 28 वर्ष, योगेश यादव 31 वर्ष, रवि यादव 35 वर्ष व दौलत निषाद 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र नागपुरे 33 वर्ष, पवन देवांगन 30 वर्ष व राजा भारद्वाज 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी निकलेश साहू 20 वर्ष व अर्जुन देवांगन 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी श्रवण निर्मलकर 33 वर्ष व भवनीक सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी दक्ष वर्मा 19 वर्ष, रंधीर कुमार शर्मा 30 वर्ष, भुवनेश्वर सिंह 29 वर्ष व बृजनंदन बंजारे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी राजकुमार शर्मा 35 वर्ष व लोकेश कुंभकार 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास भाठागांव में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भाठागांव बस स्टेण्ड के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रोशन सिंह 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एक्जिट पोल के नतीजों से भी ज्यादा सीटें कांग्रेस के पक्ष में आएगी

रायपुर/नवप्रदेश। एक्जिट पोल के नतीजो से भी बेहतर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आयेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में कांग्रेस अबकी बार तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी। कांग्रेस के 75 से अधिक विधायक चुनाव जीतकर आयेंगे। भाजपा चुनावों में दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच पायेगी। जनता ने कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे को देखकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 सालों में राज्य की जनता का भरोसा जीता है। 2018 में 68 सीटों के साथ सरकार बनाने के बाद कांग्रेस ने 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय, पंचायतो का चुनाव जीता। 5 सालों में कांग्रेस कभी कोई चुनाव नही हारी। इस बार भी हम रिकार्ड बरकरार रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा भाजपा छत्तीसगढ़ मे ईडी के अगुआई मे चुनाव लडी। ईडी नें आपने संवैधानिक मर्यादाओ को ताक मे रख कर कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियों मे बाधा पहुंचाने के लिए चुनाव के दौरान तमाम हथकंडे अपनाया मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए एक व्यक्ति के फर्जी बयान के आधार पर प्रेस नोट जारी कर के झूठे आरोप लगाया

गया उसी के आधार पर प्रधानमंत्री से लेकर छोटे बड़े भजपा नेताओं नें ईडी की झूठी कहानी को जनता के सामने रखा लेकिन जनता नें भाजपा के षड्यंत्रो को नकार दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि पूरे चुनाव के दौरान समुची भाजपा भूपेश बघेल के कद के सामने बौनी नजर आ रही थी प्रधानमंत्री खुद 7 सभा करने आने को मजबूर हुए अमितशाह सहित एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री आधा दर्जन मुख्यमंत्री अडानी के इशारे पर छत्तीसगढ़ मे डेरा डाले थे। सभी भाजपा नेता भूपेश बघेल के खिलाफ दुष्प्रचार मे लगे उसके बावजूद छत्तीसगढ़ कि जनता नें बता दिया कि उन सब पर छत्तीसगढ़िया सपूत भारी साबित हुए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और समृद्धि के पर्याय बन चुके भूपेश बघेल सरकार अबकी बार 75 पार के साथ वापसी करेगी।

सीएनआई चर्च 53 बरस का हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। चर्च ऑफ नार्थ इंडिया यानी सीएनआई बुधवार को 53 बरस का हो गया। 29 नवंबर 1970 को नागपुर में इस आत्मिक इमारत की बुनियाद एकता, सेवा और गवाही पर रखी गई। इसका स्मरण करने छत्तीसगढ़ समेत देशभर में बुधवार को विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। मॉडरेटर बिजय कुमार नायक व बिशप एसके नंदा की अगुवाई में कार्यक्रम हुए। प्रदेश में छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस की अगुवाई में डायिसस कार्यालय, स्कूलों, संस्थाओं व गिरजाघरों में आयोजन हुए। डायसिस ऑफिस के समक्ष भंडारा लगाया गया और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। सालेम इंग्लिश

स्कूल व अन्य सूकों में सीएनआई डे मना। श्याम नगर ओल्ड एड होम जाकर सीनियर सिटीजंस को फल, कंबल, दवाएं व भोजनवितरण किया गया। शाम को सभी गिरजाघरों में विशेष आराधनाएं हुईं। इनमें पास्ट्रेट कमेटी, संडे स्कूल, महिला सभा, युवा सभा व क्वायर के सदस्यों ने भागीदारी की। प्रदेश में रायपुर समेत, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, भाटापारा, बलौदाबाजार अंबिकापुर, सक्ती, खरसिया, तिल्दा, सिमगा, बैतलपुर, मुंगेली, दुर्ग - भिलाई, कवर्धा, तखतपुर, जरहागांव, फास्टरपुर, विश्रामपुर, नवा रायपुर, जोरा, खरोरा, कोरबा, धरमजयगढ़, बागबहरा, डौंडीलोहारा, मोतिमपुर आदि स्थानों पर आयोजन हुए। सीएनआई देश के 22 राज्यों में है। इसके गठन के लिए कोशिशें तो 1929 से ही प्रारंभ हो गई थीं। गोलमेज सम्मेलन में इसकी रूपरेखा तय की गई। 1951 में चर्चीनकायों ने नेगोशिटिंग कमेटी का गठन किया। इसमें यूनाइटड चर्च ऑफ इंडिया, चर्च ऑफ इंडिया, पाकिस्तान, बर्मा व सिलोन, मैथोडिस्ट चर्च इन दक्षिण एशिया और उत्तर भारत की काउंसिल ऑफ बैपटिस्ट चर्च शामिल थे। इसके बाद 1957 में डिसाइपल्स ऑफ क्राइस्ट चर्च भी बातचीत में शामिल हो गया। 1961 में एक नई वार्ता समिति बनाई गई। इसमें सभी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ 1965 में ये योजना चौथे व पांचवें चरण तक पहुंची। इस ब्लू प्रिंट के आधार पर ही 29 नवंबर 1970 को नागपुर में सीएनआई का उदय हुआ।

पीआरएसयू ने बीकाम, बीसीए और बीपीई पूरक परीक्षाओं के जारी किए परिणाम

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को बीकाम तृतीय वर्ष, बीसीए द्वितीय वर्ष और बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीई) पूरक परीक्षाओं के नतीजे जारी कर दिए गए। बीकाम तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा में 1,132 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 731 पास, 57 फेल और 344 छात्रों को पूरक का अंतिम मौका दिया गया है। इसमें 553 छात्र प्रथम, 172 द्वितीय और छह तृतीय श्रेणी में पास हुए हैं। वहीं बीसीए द्वितीय वर्ष में 390 छात्र-छात्राएं पूरक परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 205 पास और 185 छात्रों को पूरक का अंतिम मौका दिया गया है। बीपीई प्रथम और चतुर्थ वर्ष में क्रमशः 12 और नौ छात्र पूरक परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें सभी छात्र पास हो गए हैं। बीपीई तृतीय वर्ष में 10 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें आठ पास और दो पूरक आए हैं। बीपीई द्वितीय वर्ष में 22 छात्रों ने पूरक परीक्षा में हिस्सा लिया, जिसमें 21 पास और एक छात्र को अंतिम मौका मिला है। इस वर्ष पूरक परीक्षा के नियमों में बदलाव की वजह से परीक्षाएं देरी से शुरू हुई हैं। आमतौर पर विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाएं अगस्त-सितंबर में हो जाती थीं। पहली बार पूरक परीक्षा में 35 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। इस वर्ष दो विषयों में फेल छात्रों को भी पूरक की पात्रता देने का नियम था।

आज से 48 स्पेशल ट्रेनें 14 तक कैंसिल

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने दिसंबर में छुट्टियां मनाने जाने वालों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। राजनांदगांव एवं कन्हान रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेल लाइन का काम चल रहा है, जिसकी वजह से आज 2 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इससे 48 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को अलग-अलग तारीखों में रद्द कर दिया गया है। 3 ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा। रेलवे के इस निर्णय के बाद 15000 से ज्यादा लोग जिन्होंने पहले से रिजर्वेशन करा रखा था, उनके लिए मुसीबत खड़ी हो गई है।

इन ट्रेनों को किया रद्द : डोंगरगढ-गोंदिया मेमू 4 से 14 दिसंबर गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 4 से 14 दिसंबर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू 4 से 14 दिसंबर गोंदिया-डोंगरगढ मेमू 4 से 14 दिसंबर नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू 4 से 14 दिसंबर रामटेक-नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 4 से 14 दिसंबर नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू 4 से 14 दिसंबर रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 4 से 14 दिसंबर नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल 5 से 14 दिसंबर तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजर स्पेशल 5 से 14 दिसंबर तुमसर-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल 6 से 15 दिसंबर तिरोड़ी-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर 6 से 15 दिसंबर रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर 4 से 13 दिसंबर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर 5 से 14 दिसंबर टाटा नगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 4 से 12 दिसंबर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटा नगर एक्सप्रेस 6 से 14 दिसंबर हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस एक्सप्रेस 8 दिसंबर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-हावड़ा एक्सप्रेस 10 दिसंबर बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 4, 5, 11,एवं 12 दिसंबर भगत की कोठी- बिलासपुर एक्सप्रेस 7,9,14 एवं 16 दिसंबर बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 7 एवं 9 दिसंबर बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 10 एवं 12 दिसंबर ओखा-शालीमार एक्सप्रेस 10 दिसंबर शालीमार-ओखा एक्सप्रेस 12 दिसंबर लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस 10 दिसंबर पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 12 दिसंबर हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 8 एवं 9 दिसंबर लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस 10 एवं 11 दिसंबर तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस 10 दिसंबर बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस 12 दिसंबर सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 9 दिसंबर पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस 11 दिसंबर ! नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस 4 एवं 11 दिसंबर सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस 6 एवं 13 दिसंबर ष माल्दा टाउन-सूरत एक्सप्रेस 6 एवं 9 दिसंबर सूरत-माल्दा टाउन एक्सप्रेस 4 एवं 11 दिसंबर ल सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 6, 8, एवं 11 दिसंबर रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 7, 9, एवं 12 दिसंबर ' विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 10 दिसंबर (लोकमान्य तिलक टर्मिनल-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 12 दिसंबर) गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस 8 दिसंबर * पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस 11 दिसंबर + पुरी-अजमेर एक्सप्रेस 4, 7, एवं 11 दिसंबर , आदि शामिल है।

सीई क्रान्ति को दी गई सेवानिवृत्ति पर विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सिविल एयू एंड पीसी (राखड़ उपयोगिता एवं प्रदूषण नियंत्रण) क्रान्ति कुमार महोबे को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी एस.के.कटियार, डायरेक्टर के.एस.रामाकृष्णा ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (सिविल) महोबे की 39 वर्षों की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित किया और उनके द्वारा विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में किये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर महोबे के भाई जन्मेजय महोबे (कलेक्टर कवर्धा) विशेष रूप से उपस्थित थे। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता महोबे ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

एसीआई में पहली बार दाईं तरफ से डाला गया कंडक्शन पेसिंग सिस्टम

प्रदेश में दाईं तरफ से कंडक्शन सिस्टम पेसिंग का यह तीसरा केस

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों ने रायपुर निवासी 75 वर्षीय मरीज के हृदय में दाहिनी ओर से कंडक्शन पेसिंग सिस्टम लगाकर असामान्य हृदय की धड़कन को सामान्य किया। एसीआई में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस प्रक्रिया में प्रकृति द्वारा प्रदत्त हृदय की आंतरिक तंतु (हिज के बंडल और पुरकिंजे के तंतु) में कंडक्शन पेसिंग सिस्टम का नया तार फिट कर हृदय के ऊपरी चैंबर से निचली चैंबर तक विद्युत तरंगों के प्रवाह को सुगम बनाते हुए हाई रिस्क मरीज के हृदय की धड़कन को सामान्य करने में सफलता प्राप्त की। रायपुर निवासी 75 वर्षीय पुरूष मरीज को एक निजी अस्पताल में साल भर पहले पेसमेकर लगाया गया था जो हृदय की धड़कन को नियमित करने के लिए था परंतु तीन महीने बाद ही मरीज के सीने से मवाद निकलने लगा। निजी अस्पताल में पुनः चार बार भर्ती किया गया फिर भी मरीज को बार-बार इन्फेक्शन होता रहा। तत्पश्चात् मरीज एडवांस कार्डियक

इंस्टीट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के पास पहुंचा जहां डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने मरीज को देखा। उनके पास मरीज के हार्ट की कमजोरी को देखते हुए दो विकल्प थे। पहला तीन तार वाले पेसमेकर का प्रत्यारोपण और दूसरा दो तार वाली उन्नत तकनीक वाले पेसमेकर (कंडक्शन पेसिंग सिस्टम) का प्रत्यारोपण। इस दौरान चुनौतियों को देखते हुए और दोबारा इन्फेक्शन न हो यह ध्यान में रखते हुए डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने मरीज को दो तार वाली पेसमेकर, कंडक्शन सिस्टम पेसिंग तकनीक के साथ, दाईं तरफ से डालने का निर्णय लिया चूंकि बाईं तरफ मवाद और पुराना पेसमेकर था।

पत्नि का था वह कंकाल, पति निकला कातिल, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दौंदेकला स्थित पचेड़ा नाला में मिले कंकाल का राजफाश हो गया है। राजधानी रायपुर पुलिस की टीम ने मिलकर बोरी में बंद पड़े मिले अज्ञात मानव कंकाल का पर्दाफाश किया है। कंकाल शादीशुदा महिला का निकला और कातिल का पता भी पुलिस ने लगा लिया है। आरोपी अरेस्ट कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी आनंद सिंह ने बताया कि उसका अपनी पत्नि साधना सिंह के साथ उसके आचरण को लेकर प्रायः विवाद होता रहता था, कि दिनांक घटना को दोनों के मध्य उसी बात को लेकर पुनः विवाद हुआ जिस पर आरोपी आनंद सिंह आवेश में आकर मृतिका के साथ मारपीट कर उसका गला दबाकर हत्या कर दिया तथा शव को बोरी में भरकर

अपने मोटर सायकल में ले जाकर दोंदेकला स्थित पचेडा नाला में फेंक दिया था। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर देखने पर एक सफेद प्लास्टिक की बोरी मे मानव शरीर व कंकाल नुमा खोपडी बाहर था। खोपड़ी में लम्बी काली बाल अधपकी बिखरी हुई थी बोरी का मुंह खुला हुआ था। अज्ञात मानव कंकाल का शेष भाग बोरी के अंदर था, जिस पर थाना

कलिंगा विवि और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज के बीच एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय ने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा स्थापित करने के लिए मेसर्स अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन किया। एमओयू का उद्देश्य अनुसंधान और अतिथि व्याख्यान के लिए संकाय और छात्रों के लिए संभावनाओं का पता लगाना है जिससे दोनों संगठनों को पारस्परिक रूप से लाभ होगा। समझौता ज्ञापन पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इंजिनियर पीके निमोणकर ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न पहलों, व्यावहारिक प्रशिक्षण और संयुक्त प्रयासों के माध्यम से छात्रों के विकास और विकास को बढ़ाना है। इस ज्ञापन को करवाने

डॉ. आशा अंभईकर, प्रोफेसर-कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और डॉ. स्वप्निल जैन, सहायक प्राध्यापक मैकेनिकल विभाग का विशेष योगदान रहा।

कलिंगा विश्वविद्यालय और अमोघ फइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने, नवाचार को बढ़ावा देने और वित्त के क्षेत्र में प्रतिभा का पोषण करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। अमोघ फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड वित्तीय सेवा उद्योग में एक प्रमुख संगठन है, जो अपने ग्राहकों को व्यापक और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है।

संपादकीय

एग्जिट पोल के चौंकाने वाले आंकड़े

छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम क्या होंगें यह तो 3 दिसंबर को पता चलेगा जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीने चुनाव परिणाम उगलेंगी। इस बीच हर चुनाव की तरह ही आखिरी राज्य का मतदान होने के तत्काल बाद खबरिया चैनलों ने एग्जिट पोल प्रसारित कर दिए। लगभग 9 चैनलों ने पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव का एजिट पोल दिखाया है। जिसे लेकर अब राजनीतिक पार्टियों में दावे करने की होड़ लग गई है। एग्जिट पोल के मुताबिक तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन सकती है और एक प्रदेश में भाजपा की सरकार आ सकती है। वहीं कुछ चैनल तो दो राज्यों में कांग्रेस की सरकार और दो राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं यह पहली बार नहीं है कि विभिन्न एग्जिट पोलों में समानता नहीं है ऐसे में ज्यादातर एग्जिट पोल जिस पार्टी की सरकार बनने का संकेत दे रहे हैं। उस पार्टी के नेता इन एग्जिट पोलों को सही ठहरा रहे हैं और जिस पार्टी की सरकार बनने की संभावना कम बताई जा रही है। उस पार्टी के नेता एग्जिट पोल पर सवालिया निशान लगाा रहे हैं। और एग्जिट पोल के विपरीत चुनाव परिणाम आने का दावा कर रहे हैं। मध्यप्रदेश और राजस्थान के चुनाव परिणामों को लेकर एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां खुद ही कंफ्यूज हैं। मध्यप्रदेश में 5 चैनल भाजपा की सरकार बनने की भविष्यवाणी कर रहें हैं तो 4 चैनलों के मुताबिक मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान को लेकर भी है। जहां 6 चैनल वाले भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। वहीं 3 चैनलों के मुताबिक वहां कांग्रेस की सरकार बन सकती है। अलबत्ता छत्तीसगढ़ एक मात्र ऐसा राज्य है। जिसमें 9 में से 8 चैनलों के सर्वे के मुताबिक कांग्रेस की सरकार रिपीट होने जा रही है। सिर्फ सर्वे में भाजपा की सरकार बनने का पूर्वानुमान लगाया गया है। इसी तरह तेलंगाना में भी सभी चैनल कांग्रेस की सरकार बनने का संकेत दे रहे हैं। मिजोरम में त्रिशंकु विधानसभा बनने की सम्भावना बताई जा रही है। कुल मिलाकर एग्जिट पोल की भविष्यवाणी में काफी अंतर देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनावी ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। रही बात छत्तीसगढ़ की तो यहां पिछले विधानसभा चुनावों में अधिकांश चैनलों में चौथी बार भी भाजपा की ही सरकार बनने का पूर्वानुमान लगाया था जो गलत साबित हुआ था। छत्तीसगढ़ में न सिर्फ कांग्रेस की सरकार बनी थी बल्कि प्रचंड बहुमत के साथ उसने सरकार बनाई थी। इसी बात को लेकर भाजपा के नेता अस्वस्थ है कि छत्तीसगढ़ में एक बार फिर एग्जिट पोल फेल होगा और भाजपा की सरकार बनेगी। वैसे तो एग्जिट पोल के पूर्वानुमान सत्यता के निकट ही होते हैं लेकिन कई बार विपरीत परिणाम भी देखने को मिले हैं । बहरहाल एग्जिट पोल से एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस व भाजपा के बीच कांटे की टक्कर हुई है। तेलंगाना में बदलाव की बयार बही है। जिसका लाभ कांग्रेस को मिलने जा रहा है। एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता जो भी दावे कर रहे हैं उसकी सच्चाई 3 दिसंबर को सामने आएगी जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें चुनाव परिणाम उगलेंगी। इसी के साथ एग्जिट पोल की विश्वसनीयता की भी अग्नि परिक्षा हो जायेगी।

जाति जनगणना : जाति आधारित भेदभाव का उपचार भी जरूरी

जाति जनगणना की कवायत फिर से राजनीतिक विमर्श का एक अहम् पहलू बनता दिखाई दे रहा है. कई सामाजिक चिंतकों का भी मानना है कि दमित-शोषित समाज का एक्सरे (गणना) किए बिना उनकी मूलभूत सामाजिक व्याधियों पर कवायद करना एक आधार-हीन लक्ष्य की तरफ बढ़ने की तरह होगा. इतिहास के आईने में झाँकने से पता चलता है कि प्रथम जनगणना की शुरुआत सन 1881 में (औपनिवेशिक-भारत) की गई तथा उसके बाद 1931 में जाति जैसे अहम् पहलू को भी जनगणना में समावेशित किया गया. हालाँकि, सामाजिक सौहार्द तथा आंतरिक शांति बरक़रार रखने का हवाला देते हुए जाति जनगणना पर रोक लगा दी गई. मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा 29 जून 2011 में फिर से सामाजिक-आर्थिक तथा जाति जनगणना की शुरुआत की गई, लेकिन राजनीतिक कारणों से उसके आंकड़े अभी तक प्रकाशित नहीं किए जा सके। जाति जनगणना के मुद्दे पर सामाजिक चिंतक वर्ग अभी भी दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक वर्ग जाति जनगणना की पुरजोर कवायद करता है तथा केंद्र सरकार को जातीय जनगणना करवाने के साथ-साथ दलित-पिछड़े वर्ग से आने वाले छात्रों की 'ड्राप आउट' की समस्या पर भी एक कमेटी बैठाने के पक्ष में अनेक दलीलें पेश करता है. वहीं दूसरे वर्ग का मानना है कि अनुसूचित जाति तथा जनजाति के जातिगत आंकड़े तो पहले से ही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, क्या इस वर्ग के लोगों की सामाजिक-राजनीतिक समस्याएं हल हुई. यदि उनकी समस्याएं हल हो चुकी हैं तो क्यों आज भी इस वर्ग से आने वाले युवा उच्च-शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या करने को मजबूर हैं. रोहित वेमुला, अनिल कुमार, आयुष आशना, मुथुकृष्णनन जीवनाथन, आदि जैसे कई होनहार मेधावी छात्र क्यों 'सांस्थानिक हत्याओं' का शिकार हो रहे हैं। कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों को भी यह भान होना चाहिए कि पिछड़ी जाति के प्रतिनिधित्व की पहेली मात्र जातीय जनगणना करवा देने से हल नहीं होने वाली है, क्योंकि सर्वे के माध्यम से सभी जातियों की सहभागिता की परिकल्पना करना एक लाइलाज बीमारी का तात्कालिक समाधान समाधान खोजने की तरह है. समाजशास्त्री आगबर्न का मानना है कि लिंग, जाति, धर्म आदि हमारे अभौतिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें परिवर्तन भौतिक संस्कृति की तुलना में धीमी गति से होता है.इसलिए कानूनी बदलाओं के साथ-साथ वृहद रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक अभियानों के माध्यम से समाज में गुणात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। सामाजिक न्याय की दुहाई देने वालों को भी अब बात भलीभांति मालूम है कि देश की आधे से अधिक आबादी के हितों पर अब मात्र राजनीतिक रोटियां सेंक कर बहुत दिनों तक वोट हासिल नहीं किया जा सकता है. इसलिए विभिन्न राजनीतिक मंचों पर आये दिन, अखिलेश यादव से लेकर राहुल गाँधी तक जातीय जनगणना तथा आनुपातिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाते रहते हैं. क्योंकि हाल में हुए बिहार में जातीय जनगणना से यह तो अब स्पष्ट हो चुका है कि कौन किसके हिस्से को खा रहा है तथा छोटी जातियों के सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मसले को अपना-अपना हित साधने के लिए दशकों से इसकी कौन गलत व्याख्या कर रहा था। हालांकि पिछले कई जातीय आंदोलनों को देखकर कहा जा सकता है कि अब पिछड़ा वर्ग अपने हितों को लेकर काफी सजग हो रहा है तथा अपनी लड़ाई खुद ही लड़ना सीख रहा है. इस सन्दर्भ में छात्र नेता तथा कांग्रेस के पदाधिकारी लिंगम यादव बाईकानी का मानना है कि 'पिछड़ा वर्ग सिर्फ कुछ बड़े राजनीतिक चेहरों को देखकर चुप नहीं रह सकता, बल्कि उसे अपने हितों तथा आनुपातिक प्रतिनिधित्व कीबात भी धीरे-धीरे समझ में आ रही है. उदहारण स्वरूप, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में 69 हजार भर्ती में आरक्षण घोटाला का मामला इतने दिन बीत जाने के बाद भी मृतुप्राय नहीं हुआ तथा बीच-बीच में पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी अपने संवैधानिक अधिकार के लिए संघर्ष करते नजर आते हैं। सामाजिक चिंतक जेफ्रलॉट ने अपने अध्ययन में पाया कि 90 के दशक से ही दलित-पिछड़ी जातियों का रुझान कांग्रेस से हटकर क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की तरफ़ होना शुरू हुआ. परिणामस्वरूप, उत्तर प्रदेश और विहार जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक 'मूक क्रांति' कीशुरुआत हुई, जिसे धरातल पर लाने में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों जैसे- समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल,बहुजन समाज पार्टी आदि ने महती भूमिका निभाई. हालाँकि, मुज्जफ्फरपुर जैसे अनेक दंगों के बादसांप्रदायिक धुर्वीकरण का उभार हुआ तथा क्षेत्रीय दलों के परंपरागत वोट का रुझान भाजपा की तरफ देखने को मिला।

दिव्यांगों का भी हो समुचित विकास

रमेश सर्राफ

केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है। आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगो के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगो के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगो की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं।

अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षो में दिव्यांगो के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है।

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इसीलिए हर साल 3 दिसंबर के दिन विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिक्र नहीं हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। दुनिया में 8 प्रतिशत लोग दिव्यांगता का शिकार है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.21 प्रतिशत आबादी यानि 2.68 करोड़ लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से ग्रस्त है। दिव्यांग जनसंख्या में 56 प्रतिशत (1.5 करोड़) पुरुष हैं और 44 प्रतिशत (1.18 करोड़) महिलाएं हैं। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। शारीरिक अभावों को यदि प्रेरणा बना लिया जाये तो दिव्यांगता व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जाती है। यदि सोच सही रखी जाये तो अभाव भी विशेषता बन जाते हैं। दिव्यांगो का मजाक बनाना, उन्हें कमजोर समझना एक भूल और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 दिसंबर 2015 को अपने रेडियो संबोधन 'मन की बात' में कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक 'दिव्य क्षमता' है और उनके लिए 'विकलांग' शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है। विकलांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबिल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से ही विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरुरत विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। ताकि वो देश की राजनीति के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक विकास में बेहतर भागीदारी कर सकें।

दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग भी हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है। भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं।

अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं। सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। हमारे आस पास कई ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपनी दिव्यांगता के बाद भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। यदि दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर तथा प्रभावी पुनर्वास की सुविधा मिले तो वे बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं। देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1755 दूसरा अंगूठी प्रकाशस्तंभ आग से नष्ट किया गया। 1802 यूनाइटेड किंगडम में प्रशिक्षु अधिनियम के स्वास्थ्य और नैतिकता प्रभाव में आयी, जिसके फलस्वरूप फैक्ट्रियों में बाल श्रम के लिए शर्तों को विनियमित किया गया। 1804 नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई। 1804 फ्रांस के सम्राट के रूप में नेपोलियन का राज्याभिषेक पेरिस के नोट्रे डेम कैथेड्रल में हुआ था। 1811 रेवरेंड सैमुअल मार्सडेन ने ऊन के पहले वाणिज्यिक नौवहन को न्यू साउथ वेल्स से इंग्लैंड भेजा। 1823 अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने नई दुनिया में यूरोपीय उपनिवेशवाद के विरोध के मोनरो सिद्धांत को जारी किया। 1840 विलियम हेनरी हैरिसन को संयुक्त राज्य अमेरिका के 9वें राष्ट्रपति के शपथ दिलाई गई। 1918 प्रमुख शिक्षाशास्त्री एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय के पहले भारतीय कुलपति गुरुदास बनर्जी का निधन हुआ। 1989 विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भारत के 7वें प्रधानमंत्री बने। 2014 भारतीय राजनेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले का निधन हुआ।

QUIZ TIME

1) किस राज्य सरकार ने 25 नवंबर 2023 को प्रदेश में नो नॉन-वेज डे घोषित किया है?

2) यह कथन किसका है, कि जीवों के पारिस्थितिक कारकों का योग पर्यावरण है?

3) डंडा फौज का गठन किसने किया था?

4) भारत का पिट्सबर्ग किसे कहा जाता है?

5) किसे प्रथम प्रोफेसर जयशंकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उत्तर प्रदेश (2) ए. फिटिंग (3) चमनदीव (पंजाब) (4) जमशेदपुर (5) आचार्य एन. गोपी

आज का पंचांग

मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय : 07:02, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 20:44, चन्द्रास्त : 10:33 **अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)**, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : पुष्य, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : बालव (15:31 तक), द्वितीय करण : कौलव (28:18 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : कर्क (10:12 से),

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:45 से 12:26, अमृत काल : 14:06 से 15:49, सर्वार्थसिद्धि योग : 06:55 से 16:40, विजय मुहूर्त : 13:49 से 14:31, गोधूलि मुहूत : 17:14 से 17:41, सायाह्न सन्ध्या : 17:16 से 18:38, निशिता मुहूर्त : 23:39 से 24:33, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:41 से 15:59, दुर्मुहूर्त : 08:59 से 09:41, होमाहुति : मंगल (16:40 से गुरु)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपका स्वभाव आवश्यकता से अधिक स्वार्थी रहेगा हर काम मे अपना लाभ देखेंगे बिना स्वार्थ के आज किसी से बात करना भी पसंद नही करेंगे।

वृषः आज दिन के आरंभिक भाग में लाभ के कई अवसर मिलेंगे इन्हें खाली ना जाने दे व्यवसायी वर्ग आज लालच में ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर से बचे अन्यथा होने वाले लाभ से भी हाथ धो बैठेंगे।

मिथुनः आज भी दिन का पूर्वार्ध भाग आशा के अनुकूल रहेगा।

कर्कः आज भी मध्यान तक का समय हानिकारक रहेगा इस अवधि में कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें ना ही किसी भी प्रकार का निवेश करें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा।

सिंहः आज के दिन आपको मिले जुले फल मिलेंगे। कोई भी कार्य दोपहर बाद के लिये ना टालें।

कन्याः आज का दिन आपके लिए हर तरह से बेहतर रहने वाला है बस अकस्मात आने वाले क्रोध पर नियंत्रण जरूर रखें।

तुलाः आज का दिन आपकी कल्पनाओं को नई दिशा देगा। पूर्व में लिए गए निर्णय हर प्रकार से आपके सौभाग्य में वृद्धि कारक रहेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन स्वभाव में भावुकता अधिक रहेगी। किसी की मामूली बात दिल से लगा कर उदास रहेंगे।

धनुः आज दिन में आरंभिक भाग से ही आप व्यावसायिक एवं अन्य आवश्यक कार्यो के लिए जोड़-तोड़ करना आरंभ कर देंगे।

मकरः आज के दिन आप दिन भर किसी ना किसी कारण से व्यस्त रहेंगे व्यस्तता व्यर्थ के कार्यो में अधिक रहेगी।

कुंभः आज के दिन भी परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली है लेकिन आज शारीरिक समस्या अथवा किसी अन्य अवरोध के कारण निर्णय लेने में देरी करेंगे।

मीनः आज दिन के पूर्वार्ध में लोग आपको उकसाने वाली बाते करेंगे लेकिन दोपहर तक मौन रहने का प्रयास करें।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -260

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 259 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तौं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

न्यूज गैलरी

अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई गई दावा-आपत्ति

बिलासपुर। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदन के छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल एक आवेदिका ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोठी में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत स्व. श्री हेम लाल साहू के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम साहू ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

बिलासपुर मंडल में 15 दिसम्बर को पेंशन अदालत

बिलासपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेन्शन अदालत का आयोजन वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी सभाकक्ष बिलासपुर में दिनांक 15 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार) को प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा। मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपने आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ (जिसमें पी.एफ.नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ.नम्बर एवं पता लिखना अनिवार्य है) दिनांक 08 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार) तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंन्शन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान संम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पेन्शन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नही किया जायेगा ।

नवंबर माह में एसईसीएल ने किया रिकॉर्ड 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन

बिलासपुर/ नवप्रदेश। एसईसीएल ने नवंबर माह में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी नवंबर माह में किया गया यह अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। इससे पहले कंपनी ने नवंबर 2022 में 14.61 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया था। अगर ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा स्थापना से किसी भी नवंबर माह का सर्वाधिक 31.33 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है। पिछले वर्ष 2022 के नवंबर माह में कंपनी ने 25.28 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया था। इस प्रकार कंपनी ने गत वर्ष नवंबर माह की तुलना में 6 मिलियन टन के साथ लगभग 24त्न की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। डिस्पैच में भी कंपनी ने नवंबर माह के पिछले सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए 15.02 मिलियन टन कोयला प्रेषण हासिल किया है। पिछले वर्ष नवंबर 2022 में एसईसीएल ने 12.57 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया था। इस तरह से कंपनी ने नवंबर 2023 में 3.12 मिलियन टन के साथ लगभग 25त्न की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। विदित हो कि कंपनी ने हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 22-23 में अपने इतिहास का सर्वाधिक 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए कंपनी को 197 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य मिला है। इस वित्तीय वर्ष 23-24 में कंपनी अपने इतिहास का सबसे तेज़ 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के साथ 100 मिलियन क्यू. मी. ओबीआर पहले ही हासिल कर चुकी है।

दो साल में भी आत्महत्या मामले की जांच अधूरी, हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी...

थानेदार नौकरी करना चाहता है या नहीं..?

एसपी सहित संबंधित पक्षों से शपथ पत्र के साथ मांगा जवाब

बिलासपुर। आत्महत्या मामले में हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए एसपी सहित संबंधित थानेदार को शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया। अपने टिप्पणी में हाईकोर्ट ने कहा- थानेदार को नौकरी करनी है कि नही? हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि रसूखदारों के लिए रात 2 बजे भी पुलिस काम करती है, कोर्ट खुल जाता है, मगर सामान्य वर्ग के मामले में जांच के लिए साल भर से अधिक का समय क्यों ?

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सकरी पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए युवक की खुदकुशी मामले में गंभीरता से जांच करने का निर्देश दिया है। जस्टिस एनके व्यास की कोर्ट ने बिलासपुर एसपी, राज्य शासन और सकरी टीआई को मामले में नोटिस भी जारी किया है। कोर्ट ने मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि रसूखदारों के लिए रात 2 बजे भी पुलिस काम करती है और कोर्ट खुल जाता है, तो सामान्य वर्ग के मामले में जांच के लिए साल भर से अधिक का समय क्यों लग रहा है। सकरी निवासी विरेन्द्र नागवंशी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि उनके पुत्र सिध्दांत नागवंशी ने जमीन दलालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक जून 2022 को आत्महत्या कर ली थी।

पिता विरेन्द्र नागवंशी ने बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ सकरी थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। डेढ़ साल बाद भी लेकिन पुलिस ने इस शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और कोई जांच और ना ही कार्रवाई की। इस मामले में जस्टिस एनके व्यास के कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में पुलिस को जमकर फटकार लगाते हुए आदेश दिया है कि सकरी थाना प्रभारी प्रकरण में अगली सुनवाई में शपथ पत्र पेश करते हुए हाजिर हो। मामले में कोर्ट ने यह भी कहा कि लगता है पुलिस जानबूझकर मामले की जांच नहीं करना चाहती।थानेदार को नौकरी करनी है कि नहीं..?कोर्ट ने प्रतिवादी की महिला वकील से कहा कि थानेदार को नौकरी करनी है कि नहीं। कोर्ट ने आदेश दिया कि शिकायत के बाद से लेकर अभी तक पुलिस ने मामले में क्या जांच की, किसका बयान लिया, इस जानकारी के साथ पूरी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की जाए।

सिम्स में अव्यवस्था, डीन और एमएस जिम्मेदार

सिम्स की बदहाली को लेकर स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट डिवीजन बेंच में प्रस्तुत की। ओएसडी ने भी अपनी रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि संस्थान का कामकाज प्रभावित हुआ है। हाईकोर्ट ने डीन और एमएस को व्यवस्था बनाने में असफल बताते हुए 6 दिसंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की है। सिम्स मेडिकल अस्पताल में आम मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां आने वाले मरीज कुछ दिन भर्ती होने के बाद या तो मजबूर होकर वापस लौट जाते हैं या किसी प्रायवेट हॉस्पिटल का रुख कर लेते हैं। पिछले दिनों अव्यवस्था पर प्रकाशित खबर को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्वयं संज्ञान लिया था। इसके बाद एक जनहित याचिका के रूप में इस मामले की सुनवाई की जा रही है। पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य शासन के सीनियर आईएएस आर प्रसन्ना को सिम्स के ओएसडी के रूप में काम करते हुए अपनी विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में ओएसडी ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इसमें स्वीकार किया गया है कि, सिम्स में वर्क कल्चर पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसे वापस पटरी पर लाने में अभी बहुत समय लगेगा।

प्रत्याशियों को कैल्कूलेटर देगा निर्वाचन कार्यालय

अभिकर्ता को स्थल पर ही मिलेगा कैल्कूलेटर

बिलासपुर। विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को प्रत्याशी एवं उनके एक गणना अभिकर्ता को स्थल पर कैल्क्यूलेटर प्रदान किया जायेगा। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतगणना शुरू होने के पूर्व उन्हें यह उपकरण मुहैया करा दिया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव कुमार बनर्जी ने इस आशय की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें हर चक्र में टेबलवार मिले मतों की गणना एवं हिसाब-किताब में सहूलियत होगी।

खुरहा-चपका रोग के खिलाफ शुरू हुआ व्यापक अभियान

बिलासपुर। पशुओं में होने वाली खुरहा चपका रोग के विरुद्ध डेढ़ महीने तक चलने वाला टीकाकरण अभियान 1 दिसंबर से शुरू हो गया। यह अभियान 15 जनवरी 2024 तक चलेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस कार्य के लिए गठित दलों व प्रचार वाहनों को जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। अभियान के अंतर्गत जिले में लगभग 5 लाख से ज्यादा पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। ये टीका पशुओं को निःशुल्क लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने सभी पशुपालकों से पशुओं की रक्षा के लिए टीका लगवाने की अपील की है। अभियान को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा 68 टीकाकरण दल बनाए गए हैं। शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पशुओं को टीके लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री जीएसएस तंवर, डॉ. ए एस रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

4 साल पहले कोटा से लापता युवक सिलतरा में मिला

बिलासपुर/ नवप्रदेश। एसपी ने पिछले दिनों पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर गुमशुदा लोगों की तलाश गंभीरता से करने के निर्देश दिए थे, इसका असर भी होता दिख रहा है। जिन मामलों को पुलिस लगभग भुला बैठी थी अब उन गुमशुदा लोगों को भी खोजा जा रहा है। कोटा पुलिस ने 3 साल से गायब युवती को ही नहीं ढूंढ निकाला बल्कि 4 साल से लापता युवक को भी ढूंढने में कामयाबी पायी है। 21 फरवरी 2019 को दिन में 11.00 अमने कोटा निवासी अविनाश कुमार यादव घर में किसी को बिना सूचना दिए कहीं चला गया था। परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों के घरों में उसे खूब ढूंढा लेकिन कुछ पता नहीं चला। 28 फरवरी को थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई, लेकिन किसी ने भी उसे ढूंढने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब एसपी के निर्देश पर कोटा पुलिस ने पता लगाया कि अविनाश यादव तो रायपुर के सिलतरा में रहकर काम कर रहा है। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द किया है। आखिर अविनाश क्यों 4 साल से गुमनामी की जिंदगी जी रहा था और अपने परिवार से संपर्क भी नहीं कर रहा था, यह पता पुलिस नहीं लगा पाई है।

गुमसुदा मामले में कोटा थानेदार तोपसिंह नवरंग ने बताया उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार यह अभियान निरंतर चलते रहेगा। आम लोगों से सहयोग लेकर गुमसुदा लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर न्यूनतम तापमान 19 डिग्री के करीब, ठंड गायब

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिम विक्षोभ का असर अभी है जिसके कारण आज सुबह से ही बदली छा रही और बदली के कारण ठंड गायब हो गई है। और थोड़ी गर्मी महसूस हो रही है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ दिनों में बदली छट जाएगी और ठंड बढेगी। बीते दिनों जिले के न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री पहुंच गए था।

पश्चिमी विक्षोंभ एक चक्रीय चक्रवात के रूप में दक्षिण हरियाणा और उसके आसपास 3.8 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। चूंकि प्रदेश में लगातार बंगाल की खाड़ी से हवा आ रही है इसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना फिलहाल नहीं है। एक अवदाब दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रही है जो पुडुचेरी से 760 किलोमीटर दूर पूर्व-दक्षिण पूर्व की ओर, चेन्नई से पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर 780 किलोमीटर दूर, बापतला से दक्षिण- पूर्व की ओर 960 किलोमीटर दूर और मछलीपट्टनम से दक्षिण-पूर्व की ओर 940 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में 2 दिसंबर को परिवर्तित होने की संभावना है। इसके और प्रबल होकर चक्रवाती तूफान के रूप में दक्षिण- पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3 दिसंबर को बनने की संभावना है। उसके बाद उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए दक्षिण आंध्र प्रदेश और उससे लगे उत्तर तमिलनाडु तट के पास चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच 4 दिसंबर के शाम को पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान, हो सकती है भारी बारिश

बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 दिसंबर की शाम तक यह चक्रवाती तूफान आंध्र प्रदेश में माचिलीपत्तनम और चेन्नई के तट से टकरा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का जो क्षेत्र बन रहा है, उसका केंद्र चेन्नई के समुद्र तट से 800 किलोमीटर, माचिलीपत्तनम से 970 किलोमीटर, आंध्र प्रदेश के ही बापातला से 990 किलोमीटर और पुडुचेरी के तट से 790 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह चक्रवाती तूफान पश्चिम और उत्तर पश्चिम की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसंबर तक इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। चक्रवाती तूफान का ओडिशा में कोई प्रभाव नहीं होगा।

इंटरलॉकिंग कार्य के लिए फिर गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रहेगी रद्द

बिलासपुर। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

रद्द होने वाली गाडियां

6 एवं 07 दिसम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 8 एवं 9 दिसम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6, 7 एवं 8 दिसम्बर को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 8, 09 एवं 10 दिसम्बर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसरङ्क बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6 से 08 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

पुलिस के निजात अभियान से अपराधों में आई कमी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस के निजात अभियान के तहत नशे के विरुद्ध लगातार प्रहार का दिख रहा अपराधों में कमी के रूप में जोरदार असर और इसके प्रभाव में चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। अभियान के दस माह में पिछले सालों की इसी अवधि की तुलना में आईपीसी के कुल अपराधों में 20 फीसदी की कमी

एनडीपीएस व आबकारी में ताबड़तोड़ कार्यवाही में कुल 3,861 प्रकरणों में 4,009 व्यक्ति गिरफ्तार हुए जिसमे गैर-जमानतीय प्रकरणों में 736 आरोपी जेल गए। 33,818 लीटर शराब जप्त मारपीट में 10 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 64 प्रतिशत, हत्या में 43 प्रतिशत, चाकूबाजी में 55 प्रतिशत, छेड़छाड़ में 37 फीसदी और चोरी में 23त्न की आई कमी नशे के विरुद्ध वृहद जनजागरुकता के तहत 3,412 कार्यक्रम किए गए। थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग हो रही, जिससे सैकड़ों लोग नशे से हुए दूर इस वर्ष फरवरी माह से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी बिलासपुर अजय यादव व पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा के पर्यवेक्षण में बिलासपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है।

एसपी संतोष सिंह ने बताया कि कुल अपराधों में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी होकर 11,086 अपराध दर्ज हुए है, जो की मुख्यतः एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्यवाहियां की वजह से हैं।

योजना — अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्री सुविधाएं बढ़ाने चल रहे अनेक कार्य

उसलापुर में हो रहा प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण

बिलासपुर। उसलापुर स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से अनेक कार्य कराये गए हैं। जिसमें सरकुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, स्टेशन बिल्डिंग के सामने रोड का निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार का चौडीकरण, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु लिफ्ट एवं रेम्प, अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज का निर्माण, पर्याप्त मात्रा में पंखे, बेहतर लाइटिंग व्यवस्था, साइनेजेस, कोच इंडिकेशन बोर्ड, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, एप्रोच रोड, प्रतिक्षालयों का नवीनीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

जिससे उसलापुर स्टेशन सुविधायुक्त व आकर्षक दिखाई देता है। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु यात्री सुविधा विकास के अनेक कार्य भी कराये जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को भविष्य में और बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी । इसके अंतर्गत सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये रोड को चौड़ा कर सुगम मार्ग बनाना, एयर पोर्ट की तर्ज पर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च बनाना, व्यवस्थित प्रवेश व निकासी द्वार बनाना, सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना, गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करना, स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी, बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना, डिजाइनर साइनेजेस, चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण, प्लेटफार्म का फ्लोरिंग, अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफार्म में अतिरिक्त शौचालय का निर्माण, प्रतीक्षालय का नवीनीकरण करना, महिलाओं, वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के अनुकूल दीर्घकालिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जैसे विभिन्न कार्य शामिल है। ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे है । पहले चरण में बेहतर बैठक व छाया सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सभी प्लेटफार्म के दोनों छोर मैं अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसके अंतर्गत उसलापुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म में शेल्टर का स्ट्रक्चर तैयार कर स्थापित कर लिया गया है जिसमें शेल्टर (सिटिंग) लगाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है जिसे अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण का कार्य पूरा होने के पश्चात यहाँ से यात्रा करने वाले यात्रियों को मौसम अनुकूल सुविधायेँ मिलने लगेगी । इसके साथ ही उसलापुर स्टेशन मैं प्रतीक्षालय व कंकोर्स क्षेत्र का नवीनीकरण, स्टेशन परिसर मैं व्यवस्थित पार्किंग एरिया विकास के कार्य, स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया के विकास का कार्य भी प्रगति पर है।

एसईसीएल मुख्यालय के 11 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी भावभीनी विदाई

बिलासपुर/ नवप्रदेश। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 11 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हॉल में महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) आरपी सिंह के मुख्य आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में ए.के. झा महाप्रबंधक (ईएण्डएम), एसके श्रीवास्तव महाप्रबंधक (सिविल/टीए), किर्ती तिवारी महाप्रबंधक (सिविल/सीएमसी), आरसी गुप्ता वरीय प्रबंधक (सर्वे/एलएण्डआर), एके पाण्डे वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक निदेशक तकनीकी संचालन सचिवालय, अमित मण्डल वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (राजभाषा) निदेशक कार्मिक सचिवालय, प्रमोद कुमार सिन्हा वरिष्ठ वैयक्ति सहायक (सायडिंग), एसटी मेश्राम सुपरवाईजर टेलीकाम (ईएण्डटी), नीलम भिंगरदिवे सिनीयर डीईओ वित्त विभाग, तापस कुमार दत्ता सिनीयर डीईओ एसएण्डएम विभाग, अर्जुन लाल लिपिक ग्रेड-।। वित्त विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) श्री आरपी सिंह ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को एसईसीएल कम्पनी के उत्थान में अहम रोल बताते हुए उनके सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहॉ के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं, इस कम्पनी की उत्कृष्ठ कार्य संस्कृति है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (कार्मिक/औसबं) वरूण शर्मा ने निभाया।

न्यूज गैलरी

राजनैतिक दलों की उपस्थिति में पोस्टल बैलेट जमा

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में अब तक कुल 771 डाक मतपत्र जमा हो चुके है। सेवा मतदाताओं का इलेक्ट्रॉनिक ट्रासंमिटेड पोस्टल बैलेट (ई.टी.पी.बी.एस.) के माध्यम से किये गये डाक मतपत्र जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम में जमा किए गये हैं। डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी श्री रामसिंह सोरी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ई.टी.पी.बी.एस. की सुविधा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मतदाता सेवा के तहत डाक से प्राप्त मतपत्र प्रतिदिन जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम में 3 बजे जमा किया गया है। आज गुरुवार को राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक ट्रासंमिटेड पोस्टल बैलेट जमा हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 771 डाक मतपत्र जमा हो चुके है। जिसमें से विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र से विशेश संवाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 547, डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त) इटीपीबीएस के माध्यम से 180 और विशेश गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 प्लस एवं कोविड प्लस के डाक मतपत्र की संख्या 44 डाक मतपत्र जमा हुए हैं। इस अवसर पर रिटर्निंग आफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मण्डावी, एसडीएम ओरछा प्रदीप वैद्य, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी रामसिंह सोरी, जनपद सीईओ ओरछा सुमित बघेल, तहसीलदार सौरभ कश्यप सहित विभिन्न राजनैतिक दल के अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता उपस्थित थे।

मां पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। शराबी बेटे ने रात को सोते हुए मां पर हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। इसकी रिपोर्ट थाना नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.) के अपराध क्रमांक 00/2023 धारा 307 भादवि. के प्रकरण की डायरी असल नंबरी अपराध व अग्रिम विवेचना हेतु प्राप्त होने पर थाना अंतागढ़ में अपराध क्रमांक 60/2023 धारा 307 भादवि पजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में प्रार्थी त्रिलोक ठाकुर साकिन मद्रासीपारा अंतागढ़ के पिता अक्षय सिंह ठाकुर आदतन शराबी है जो आये दिन शराब के नशे में आकर घर का सामान को बेचता है एवं इसकी मां पारो ठाकुर से लड़ाई झगड़ा करता है। 26 नवंबर 2023 को आरोपी शराब पीकर रात्रि में घर आया था। पारो ठाकुर द्वारा उसे सामान बेचकर शराब पीने के लिए मना करने पर विवाद करने लगा फिर दोनों सो गये। रात्रि करीवन 02.00 बजे आरोपी अक्षय ठाकुर उठा और घर पर रखे टांगी से पारो ठाकुर सिर पर हत्या करने के लिए बार कर दिया जिससे पारो टाकुर बेहोश हो गई कुछ देर बाद होश आने पर घर आंगन में निकलकर चिल्लाई जिससे आरोपी अक्षय सिंह ठाकुर डरकर भाग गया, पारो ठाकुर का प्राथमिक उपचार अंतागढ़ अस्पताल में होने बाद नारायणपुर अस्पताल में उपचार हेतु है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ अमर सिदार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपी अक्षय ठाकुर को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध करना कबूल करने पर 30 नवंबर 2023 के 18.30 बजे गिरफ्तार कर 1 दिसंबर-2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

पदक प्राप्त करने वाली छात्रा का सम्मान

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा हरियाणा के गुरूग्राम में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में जुडो खेल में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली छात्रा लेखा नेताम का सम्मान किया। 6 से 9 नवम्बर के मध्य हरियाणा के गुरूग्राम में आयोजित 52वीं केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेल कुद प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिसमें 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में 44 किलो ग्राम वर्ग में लेखा नेताम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर कलेक्टर ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी खेल प्रतियोगिताओं में इसी प्रकाश शानदार प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लेखा के परिजनों से कलेक्टर ने मुलाकात कर उन्हें भी बधाईया दी। इस अवसर पर जुडो प्रशिक्षक नारायण सोरेन ने कलेक्टर को बताया कि 03 से 06 दिसम्बर तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली खेलों इंडिया वुमन लीग रैंकिंग प्रतियोगिता में जिले के 4 खिलाड़ी जुडो प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिनमें हेमवती नाग, राजेश्वरी मरकाम, गीता हिड़कों, निर्मला शोरी शामिल होंगे। कलेक्टर सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि कोण्डागांव में जिला प्रशासन एवं आईटीबीपी की 41 बटालियन द्वारा निःशुल्क जुडो प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा है। जिसमें सैनानी नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जुडो प्रशिक्षण सीजीडी नारायण सोरेन एवं सीजीडी उदय सिंह यादव के द्वारा अब तक 200 से अधिक बच्चों को जुडो का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके लिए प्रशिक्षित बच्चे विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है।

दुर्गूकोंदल में हुआ बीएलओ का सम्मान

अंतागढ़, भानुप्रतापपुर के मतदाताओं को जागरूक करने में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. प्रियंका शुक्ला

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के साथ तहत 07 नवम्बर को सम्पन्न हुए मतदान में अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अब तक का सर्वाधिक वोटिंग प्रतिशत 79.79 और भानुप्रतापपुर में 81 फीसदी रहा, जो अब तक किए गए मतदान में सबसे ज्यादा है। इसमें सबसे अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल अधिकारियों की रही। दुर्गुकोंदल और पखांजूर ब्लॉक के बीएलओ को सम्मानित करने आज दोपहर को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में पहुंचीं, जहां पर उन्होंने 90 प्रतिशत या इससे अधिक मतदान वाले मतदान केंद्र के बीएलओ और श्रेष्ठ सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाईजरों ने इस बार अभूतपूर्व और ऐतिहासिक योगदान देते हुए लोकतंत्र की नींव मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। डॉ. शुक्ला ने आगे कहा कि उच्चाधिकारियों ने उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने का काम किया, लेकिन सही मायने में सम्मान के वास्तविक हकदार बीएलओ और सुपरवाइजर ही हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को इस जुनून को कायम रखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद जाहिर की।

विपरीत परिस्थितियों में रेंगावाही बीएलओ के अदम्य साहस की कलेक्टर ने की प्रशंसा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र में स्थित रेंगावाही पोलिंग बूथ में एक दिवस पूर्व हुई घटना का जिक्र करते हुए कलेक्टर ने बताया कि अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वहां के मतदान अधिकारियों और बीएलओ अजीत घोष ने जिस तरह अपने दायित्वों को निभाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम ही है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना से पूरी टीम का न तो मनोबल गिरा, न ही वे अपने कर्तव्य से पीछे हटे। खुद का मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए वहां के 72 प्रतिशत मतदाताओं से वोट कराया। यह काम कोई कर्मवीर ही करा सकता है। विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया। पखांजूर तहसील के सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र गोविन्दपुर की बीएलओ श्रीमती उर्मिला सरकार, विद्यानगर के बीएलओ गौतम मंडल एवं कमलपुर पी.व्ही-06 के बीएलओ गणेश दास को सम्मानित किया गया।

अस्पताल, कोर्ट, स्कूल और धार्मिक संस्थान क्षेत्र साइलेंट जोन

रात 10 से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के अनुपालन में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को शांत परिक्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के तहत परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा पृथक-पृथक क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है। जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 75 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 70 डीबी(ए) एलईक्यू, वाणिज्यिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 65 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 55 डीबी(ए) एलईक्यू, आवासीय क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 55 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 45 डीबी(ए) एलईक्यू और शांति परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 50 डीबी(ए) एलईक्यू और रात के समय 40 डीबी (ए) एलईक्यू निर्धारित की गई है। इसके साथ ही रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेशानुसार शांति परिक्षेत्र जैसे अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थाएं व धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़े जाए। इसी प्रकार इनसे 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार के साउंड एम्प्लीफायर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

एड्स दिवस पर विविध आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के मौके पर शासकीय उच्चतर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शाला बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भागीदारी ली । कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी और सिविल सर्जन जिला अस्पताल बीजापुर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार गवेल, डीपीएमश्री संदीप ताम्रकार, भरत साहू डीपीसी पीरामल, प्राचार्य श्री प्रभाकर राजा शर्मा, प्रमोद पटेल STI counselor, कमलू ताती, लाकेश देशमुख, ओनेश दुर्गम, गोपीनाथ पत्रा, जुबेर आलम एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

भावी विधायकों का भाग्य ईवीएम में कैद, सुरक्षा पुख्ता

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रत्याशियों का मन ईवीएम में कैद है और इस कैद हुए ईवीएम की सुरक्षा में स्टेट पुलिस के साथ ही सीआरपीएफ को तैनात किया गया हैं। जो पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे है। इस परिसर के भीतर केवल पासधारियों को ही सुरक्षा गार्ड के पास पहले दरवाजे पर अपनी पूरी जांच कराने के साथ ही इंट्री कराने के बाद जाने की अनुमति दी जा रही है। वहीं राजनीतिक पार्टियों से जुड़े पासधारियों को भी पहले दरवाजे के पास लगे सीसीटीवी के स्क्रीन तक जाने की अनुमति हैं जो किसी भी टाईम पासधारी नियमानुसार प्रवेशकर स्ट्रांगरूम की स्थिति को देख सकते है। ज्ञात हो कि, जिले में पहले चरण में हुए मतदान के बाद सभी 588 पोलिंग बुथों से आए ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच नियमानुसार स्ट्रांगरूम में सील किया गया है। जो अब मतगणना वाले दिन 3 दिसबंर को ही निवार्चन आयोग के निदेर्शानुसार ही खुलेगें। आपको बता दे कि, पीजी कॉलेज को स्ट्रांगरूम बनाए जाने के बाद से इस पूरे परिसर को ही सील करते हुए सुरक्षा में लिया गया है।

> निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांगरूम में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है। जहॉ सुरक्षा में जवान तैनात है।
> **-दीपक सोनी,**
> जिला निर्वाचन अधिकारी

तीन विधानसभाओं के 27 प्रत्याशियों का होगा फैसला

जिले के अंतगर्त आने वाले कोण्डागांव विधानसभा के 08 व केशकाल विधानसभा 10 प्रत्याशियों के साथ ही आंशिकरूप से आने वाले नारायणपुर विधानसभा के 09 प्रत्याशियों का फैसला ईवीएम खुलने के साथ ही होगा कि, जनता ने इस बार किसे अपना मत देकर नेता चुना हैं, खैर सभी राजनीतिक पार्टीयां अपने-अपने जीत का दावा तो कर रहे है। आपको बता दे कि, जिले में कुल 588 मतदान केंद्र मनाए गए थे जिसमें कोण्डागांव विधानसभा में 242 व केशकाल विधानसभा के 290 के साथ ही नारायणपुर विधानसभा के 56 पोलिंग बूथ शामिल है जिनके ईवीएम जिला मुख्यालय में बनाए गए स्ट्रांगरूम में सुरक्षा के बीच है।

स्कूली छात्रों ने टॉवर को पुनः स्थापित करने सौंपा ज्ञापन

मोबाइल टॉवर होने से पढ़ाई शिक्षा स्वास्थ्य से जुड़ा था गांव

कांकेर/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने माओवादियों के विनाशकारी गतिविधियों का विरोध करते हुए कांकेर कलेक्टर प्रियंका शुक्ला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को ज्ञापन सौंपकर मोबाइल टॉवर को पुनः स्थापित करने की मांग की है। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने छात्र छात्राओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कराते हुए संज्ञान में लाया गया है। बता दें कि विगत दिनों में प्रतिबंधात्मक एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा जिला कांकेर के ग्राम छोटेबेठिया एवं कोयालीबेड़ा क्षेत्र में जनसुविधा के लिए लगाये गये मोबाईल टॉवर को क्षति पहुंचाया गया था।उपरोक्त घटना से आहत हुये अंदरूनी क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं द्वारा 01 दिसंबर को जिला मुख्यालय कांकेर में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर माओवादियों द्वारा किये गये इस प्रकार के कायरना हरकत का खण्डन करते हुये मोबाईल सेवा को पुनः प्रारंभ करने हेतु अनुरोध किया गया है।छात्र-छात्राओं द्वारा अपने ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मोबाईल टॉवर लगने के कारण से अंदरूनी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन कोचिंग क्लॉस, इंटरनेट की सुविधा मिलने के साथ-साथ विषय वस्तु के जानकार व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में भी सुविधा प्राप्त हो रही थी लेकिन माओवादियों द्वारा मोबाईल टॉवर को नुकसान पहुंचाने से इन सभी सुविधाओं से इन्हें वंचित होना पड़ रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इन छात्र-छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि मोबाईल टॉवर लगने के कारण एम्बुलेंस सुविधा जैसे अन्य आपातकालीन सेवा हेतु जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय में संपर्क करने हेतु ग्रामीणों को सुविधा प्राप्त हो रही थी। माओवादियों के इस कायराना हरकत से क्षेत्र के ग्रामीणों को तमाम सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने हेतु छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया गया है।

डीएवी विश्रामपुरी ने दिखाया दमखम

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड विश्रामपुरी क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल होनावंडी के छात्रों ने डीएवी के क्लस्टर स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेकर पूरे बस्तर संभाग में अपना परचम लहराया है जिसमें स्पोर्ट्स टीचर लिकेश साहू के निर्देशन में बालिका वर्ग 17वर्ष आयु में खोह खो में प्रथम स्थान ,बालक वर्ग 17वर्ष आयु खो ह्खो में प्रथम स्थान ,बालक वर्ग कबड्डी19वर्ष आयु में प्रथम स्थान के साथ समूह गेम में प्रथम स्थान आकर परचम लहराया है साथ ही छात्र-छात्राओं ने एथलीट में भी अपना हुनर का प्रदर्शन किया है, बालिका वर्ग में 1500 मीटर एवं 800 मीटर रेस में कुमारी दीपिका सोरी प्रथम स्थान, 400 मीटर रेस कुमारी भूमिका नेताम प्रथम स्थान एवं लंबी कूद में द्वितीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान दीपेश मरकाम रहे। एवं 1500 मीटर रेस में तृतीय स्थान पर नरेंद्र कुमार पटेल रहे। इस तरह से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल होनावंडी के छात्र-छात्राओं ने बस्तर संभाग में क्लस्टर स्तरीय स्पोर्ट्स में अपना परचम लहराया और डीएवी विश्रामपुरी का मान बढ़ाया है उनके इस सफलता के लिए संस्था के प्राचार्य श्रीमान पीके पटनायक ने शुभकामनाएं प्रेषित की है उन्होंने शिक्षा के साथ खेल के महत्व को प्रकाशित किया एवं संस्था के शिक्षक गण श्री प्रेमलाल साहू एवं अन्य शिक्षक साथियों के द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही पालकगणों ने भी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

केशकाल 1612 और कोंडागांव के 1365 डाक मतपत्र जमा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। निर्वाचन कार्य में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों से 01 दिसम्बर 2023 तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 82-केशकाल अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से 1370, ई0टी0पी0बी0 के माध्यम से 150 एवं दिव्यांग और 80 से अधिक आयुवर्ग तथा कोविड प्लस के मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्र 92 को मिला कर कुल 1612 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 83-कोण्डागांव अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से 1180, ई0टी0पी0बी0 के माध्यम से 106 एवं दिव्यांग और 80 से अधिक आयुवर्ग तथा कोविड प्लस के मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्र 79 को मिला कर कुल 1365 डाक मतपत्र अब तक प्राप्त हुए हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

देश विजन से चलता है...

से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं। किसी को भी इस सबसे अपना ध्यान भटकने नहीं देना है। अर्जुन की तरह निगाहें सिर्फ अपने लक्ष्य पर रखनी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपना पूरा ध्यान मतगणना के दिन पर लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस को मिला एक-एक वोट सही से गिना जाए और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बने।

पश्चिम बंगाल में ...

कहा, ''भाजपा ने राष्ट्रगान के प्रति सम्मान नहीं दिखाया और उचित कार्रवाई शुरू की जा रही है।'' विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने भी कहा कि उनके खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे।

बेंगलुरु के 48 स्कूलों ...

बताया। उन्होंने कहा- घबराने की जरूरत नहीं है। हम 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ लेंगे। पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन लगभग खत्म हो चुका है। अब तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

कांग्रेस छग और राजस्थान ..

सर्वे में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। टुडेज चाणक्या के सर्वे में कांग्रेस को 199 सीटों में से 101 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि एक्सिस माय इंडिया के सर्वे में भी कांग्रेस के खाते में 86 से 106 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इसी तरह सीएनएक्स के सर्वे में भी कांग्रेस की सरकार बन रही है। हालांकि कुछ सर्वे में बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है।

स्कूल में साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

पाटन/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसरा में स्कूल में व्यावसायिक पाठ्यक्रम मीडिया एवम इंटरटेनमेंट के अंतर्गत गेस्ट लेक्चरर साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर मनीष कुमार द्वारा साइबर क्राइम से बचने विभिन्न प्रकार की जानकारी छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराई गई । साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर द्वारा इंटरनेट से कैसें बचें और किन चीजों में सावधानी बरतें उसकी जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, चाहे आप सार्वजनिक वाईफाई एक्सपर्ट ने बताया कि हॉटस्पॉट से जुड़ रहे हों या घर पर सोशल मीडिया पर स्क्रॉल कर रहे हों। जैसे, आप जो कुछ भी कर सकते हैं उसे सीखना महत्वपूर्ण है साइबर सुरक्षा विषयों पर विशेषज्ञ लेखों और मार्गदर्शन के साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखना आवश्यक है। साइबर सुरक्षा का मतलब ऑनलाइन स्पेस में सुरक्षा है। इसलिए, यह आपके द्वारा अपने ऑनलाइन सामाजिक और वीडियो गेमिंग खातों पर उपयोग की जाने वाली सुरक्षा सेटिंग्स या आपके द्वारा अपने परिवार के उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को सुरक्षित ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए। अच्छी साइबर सुरक्षा का मतलब है कि आपके परिवार की व्यक्तिगत जानकारी के गलत हाथों में पड़ने की संभावना कम है। इसलिए, आपके उपकरणों की सुरक्षा करने वाले सुरक्षा उपायों को लागू करना महत्वपूर्ण है। विभिन्न प्रकार के साइबर हमलों और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए आप जो सुरक्षा कर सकते हैं, उसके बारे में जानने के लिए एक्सपर्ट की राय लेते रहें।

राज्य समन्वयकआदित्य पिल्लई एवं बृजेश शुक्ला के निर्देशन में शाला के प्राचार्य वी.पी. कुम्भकार जी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक भारत भूषण साहू द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित करने के लिए प्रति माह गेस्ट लेक्चर कार्यक्रम किया जाता है।

इस दौरान एल सी यादव, पी एल साहू, एस के चतुर्वेदी, उत्तम राय, रश्मि सत्यार्थी, मंजुलता साहू, माहेश्वरी वर्मा, कांति सिंह, सुनीता देशलहरे, कविता पटेल सहित अन्य मौजूद थे ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी हैं कि सरगुजा जिले के शासकीय एवं अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय,विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु https://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2023, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर से 20 जनवरी 2024 एवं सेक्शन ऑडर लॉक करने 15 दिसम्बर से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

हॉस्पिटल, कार्यालय एवं न्यायालय की 100 मीटर परिधि कोलाहल प्रतिबन्धित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण) नियम 200 के तहत सरगुजा जिले में संचालित भारत सरकार एवं छ.ग. शासन के शासकीय एवं अशासकीय हॉस्पीटल, शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय एवं न्यायालय के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को कोलाहल प्रतिबन्धित क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराए जाने निर्देशित किया है।

मतगणना संबंधित दिशा निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वीडियो कांफ्रेंस में ई.व्ही.एम एवं डाक मतपत्रों की मतगणना के संबंध में राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों को मतगणना की बारीकियां और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु चाक चौबंद व्यवस्था रखने निर्देशित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मतगणना दिवस व मतगणना की कार्यवाही, डाक मतपत्रों का पुनर्सत्यापन, डाक मत पत्रों की गणना के बाद ई.व्ही.एम में दर्ज किए गए मतों की गणना की प्रक्रिया, प्रत्येक राउंडवार परिणामों की घोषणा, गणना उपरांत की जरूरी कार्यवाही, ईवीएम सीलिंग, इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, पोस्टल बैलेट नोडल एवं नगरनिगम आयुक्त अभिषेक कुमार, सभी रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

मतगणना तिथि पर शुष्क दिवस घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 03 दिसंबर 2023 के दिन मतगणना स्थल क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ अबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1)में प्रदत्त शक्तियां का प्रयोग करते कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि 03 दिसंबर 2023 के दिन जिले के मतगणना स्थल क्षेत्र, नगर पालिका निगम अम्बिकापुर में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें (देशी मदिरा दुकान अम्बिकापुर, विदेशी मदिरा दुकान गंगापुर, सुभाष नगर एवं बौरीपारा) 62 वीं बटालियन एफ.एल-8 एवं देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार अम्बिकापुर को बंद रखने आदेशित किया गया है। शुष्क अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जिले में डाक से 4264 मत पड़े

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 03 दिसंबर को मतगणना होनी है जिसमें पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र और ईवीएम वोटिंग दोनों की मतगणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा मतगणना के लिए ईवीएम मतगणना हेतु 14-14 टेबल लगाए जाएंगे। डाक मतपत्र की गणना के लिए भी अलग टेबल लगाए जायेंगे। जिसमें लुण्ड्रा विधानसभा हेतु 2 टेबल, सीतापुर विधानसभा हेतु 3 टेबल और अम्बिकापुर विधानसभा हेतु 4 टेबल लगाए जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई जहां जिले के मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों ने सुविधा केंद्रों में मतदान से पूर्व डाक मतपत्र से मतदान किया, वहीं दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को इस बार होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं सर्विस वोटर से ईटीपीबीएस यानी इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट के जरिए मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 4 हजार 264 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

कलेक्टर-एसपी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आगामी तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतगणना स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों कर्मचारियों, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं , मीडिया प्रतिनिधियों हेतु विभिन्न प्रवेश गेटों, मतगणना स्थल पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, आवश्यक बैरिकेडिंग, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रियल ड्यूटी और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हॉल में रिटर्निंग अधिकारियों, मतगणना में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों हेतु समुचित सुविधाएं, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाओं, प्रत्येक राउंडवार परिणामों की घोषणा आदि बिंदुओं पर चर्चा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर एसपी ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, अंबिकापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना हॉल में मतगणना की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित किए जाने के संबंध में तैयार की जा रही अधोसंरचना का अवलोकन किया।

अब तक 62 हजार 382.48 टन खरीदी हुई, दिसंबर महीने में और बढ़ेगी आवक

धान खरीदी में तेजी 14 हजार किसानों ने बेचा धान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी शुरू हुए एक माह बीत चुके है। खरीदी के लिए इस बार जिले में 4 नए खरीदी केंद्र बनाए गए थे। खरीदी के एक माह बीत जाने के बाद जिले के तीन धान खरीदी केंद्रों में बोहनी तक नहीं हुई है। गुरुवार को जिले के 102 धान खरीदी केंद्रों में 1475 किसानों ने 6474.40 टन धान बेचा। वहीं अब तक जिले में 14 हजार 520 किसानों ने 62 हजार 382.48 टन धान बेचा है। जिला विपणन अधिकारी ने कहा कि जिले के खरीदी केंद्रों में धान की अवाक शुरू हो गई है। सभी केंद्रों पर धान अब पहुंचने लगा है। दिसंबर से खरीदी में तेजी आएगी। समिति प्रबंधकों को व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश में धान को नुकसान न हो इसलिए केंद्रों पर त्रिपाल है। दूसरी ओर धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों को सर्वर धीमा होने के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है। बता दें कि बीते साल जिले में वर्ष 2022-23 में 95 हजार 13 किसानों ने 101 खरीदी केंद्रों पर करीब 3 लाख 97 हजार 647 टन धान बेचा था। इस साल प्रशासन ने चार नए खरीदी केंद्र बनाए हैं। किसानों की संख्या में भी करीब 15 फीसदी का इजाफा हुआ है।

माह के दूसरे पखवाड़े में 10 हजार किसानों ने बेचा धान

नवंबर माह के पहले पखवाड़े में धान खरीदी की गति धीमी रही। नवंबर के पहले 15 दिनों में जिले के 105 में से 102 धान खरीदी केंद्रों में सिर्फ 3812 किसानों ने ही धान बेचा था। इस दौरान किसानों ने 15 हजार 520.96 टन धान बेचा था। वही माह के दूसरे पखवाड़े में धान खरीदी में तेजी दर्ज की गई। पहले पखवाड़े की तुलना में दूसरे पखवाड़े में ढाई गुना अधिक किसान धान बेचने के लिए खरीदी केंद्रों तक पहुंचे। 16 से 30 नवंबर तक 10 हजार 708 किसानों ने अपने 46 हजार 861.52 टन धान बेचा। आने वाले दिनों में धान खरीदी में और तेजी आने की उम्मीद है।00 इस साल 4 नए खरीदी केंद्र बनाए गए जिले में धान खरीदी के लिए इस साल 4 नए खरीदी केंद्र बनाए गए है। इससे खरीदी केंद्र की संख्या 101 से बढ़कर 105 हो गई है। बीते साल नवंबर महीने में जिले के 101 केंद्रों में 26403 किसानों ने 88 हजार 888 टन धान बेचा था।

ग्राम सारसडोल में टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन शिविर में 56 मरीजों की हुई जांच

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार सीएमएचओ एवं डीपीएम के मार्गदर्शन में जिले के मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सारसडोल में टीबी एवं कुष्ठ जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर आयोजन के पहले मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराई गई। इस दौरान टीबी के 04, सर्दी के 12, बुखार के 02, पेटदर्द, कृमि, कमजोरी सहित कुल 56 मरीजों की जांच की गई और टीबी के संदेहास्पद मरीजों के बलगम को माइक्रोस्कोप से जांच के लिए एकत्र किया गया। सभी मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, आरएचओ, मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

बिना नंबर प्लेट के सड़क पर दौड़ रहे वाहन, अब होगी कार्यवाही

सक्ती/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय सक्ती के सड़कों पर बिना नंबर प्लेट के बाईक सहित बड़े वाहन दौड़ रहे है जिससे दुर्घटना होने पर वाहन का पता ही नहीं चल पा रहा है तो वही निर्माण सामग्री ढोने वाले ट्रेक्टर, डम्पर-हाइवा मनमानी पर उतारू हो गये है। बेलगाम गति से दौड़ने वाले इन वाहनों में नंबर प्लेट ही नहीं रहती है, जिससे इसकी पहचान हो सके। इधर सक्ती थानेदार विवेक शर्मा ने चेतावनी देते हुए वाहन चालकों को कहा है कि बिना नंबर के वाहन न चलाये साथ ही बाईक पर तीन सवारी न बैठाये यदि ऐसा पाया जाता है तो बड़ी कार्यवाही की जायेगी। यातायात का नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। गौरव पथ चौपाटी सक्ती में थाना प्रभारी स्वयं तीन सवारी बाईकर्स पर कार्यवाही करते देखे गये जिससे यातायात व्यवस्था बनाने में लोग सहयोग करते पाये गये।

विदित हो कि सक्ती क्षेत्र में वाहन चालक पुलिस के सामने से बेखौफ वाहन निकाल रहे हे। , यह भी बताया जा रहा है कि जल्दबाजी और सूनेपन में तेज गति से चलाने वाले इन वाहन चालकों से दुर्घटना होने पर ये घटनास्थल से भाग जाते हैं और नंबर नहीं होने से इनकी पहचान नहीं हो पाती है। शहर के आसपास से गिट्टी, मुरम और रेत का परिवहन रात के समय अधिकतर किया जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट जमा

सक्ती। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सेवा मतदाताओं का इलेक्ट्रॉनिक ट्रासंमिटेड पोस्टल बैलेट के माध्यम से किये गये डाक मतपत्र जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम में जमा किए जा रहे हैं। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी श्री रूपेन्द्र पटेल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ई.टी.पी.बी.एस. की सुविधा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मतदाता सेवा के तहत डाक से प्राप्त मतपत्र प्रतिदिन जिला कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम में 3 बजे जमा किया जा रहा है। राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक ट्रासंमिटेड पोस्टल बैलेट जमा हुए। प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 09 डाक मतपत्र सहित अब तक कुल 237 डाक मतपत्र जमा हो चुके है। पूरी प्रकिया की वीडियोग्राफ़ी भी करायी जा रही है।

मतगणना कल सवेरे 8 बजे से कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज स्ट्रॅान्ग रूम नंदेलीभांठा परिसर में मतगणना के सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन की तैयारी को लेकर विशेष बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 03 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना शासकीय कृषि उपज मंडी परिसर नंदेलीभांठा में बनाये गये विधानसभावार मतगणना केन्द्र में सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही तीनों विधानसभा के मतगणना केन्द्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियो कर्मचारियों को पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ सजगता पूर्वक त्रुटिरहित मतगणना कार्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने सभी आरओ, एआरओ,

तहसीलदार, मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक गणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर सहित मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी जिनकी मतगणना कार्य में ड्यूटी लगी है या नही लगी है सभी को नन्देलीभांठा परिसर मे मतगणन दिवस के दिन सुबह 06:30 बजे रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विधानसभावार मतगणना केन्द्रों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अग्नि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेट, मेडिकल कैम्प, विडियोग्राफी, सीसीटीव्ही कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था, कम्प्यूटर सिस्टम, फोटोकापी मशीन, प्रिंटर, पेयजल की व्यवस्था, जनरेटर व बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कार्य को विशेष रूप से प्राथमिकता देते हुए बिना किसी त्रुटि एवं लापरवाही के सजगता पूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए । उन्होंने मतगणना के दिन 03 दिसम्बर को समय सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरी गंभीरता एवं विशेष सावधानी के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा।

सरकारी अस्पतालों में तंबाकू छोड़ने मार्गदर्शन मुक्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विकासखण्ड अम्बिकापुर के ग्राम बिशुनपुर के पंचायत भवन में गुरुवार को राष्ट्रीय मानसिक रोकथाम कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत होलीक्रॉस वुमेन्स सोशल वर्क विभाग के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक रोग से बचाव तथा तम्बाकू के दुष्परिणाम के संबंध में विस्तार से बताया गया।

शिविर में लगभग 200 लोगों का पंजीयन कर उन्हें तम्बाकू नशा मुक्ति संबंधी परामर्श प्रदान किया गया साथ ही तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में दवाईयां एवं उचित उपचार

की सलाह दी गई। इस दौरान जिला सहायक नोडल डॉ राजप्रीत कौर, जिला सलाहकार श्री हनी गॉटलिब,सोशल वर्कर श्रीमती रानू गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सि शांता जोसेफ, समाजकार्य विभाग की विभागाध्यक्ष अलमा मिंज, सहायक प्राध्यापक प्रेरणा लकड़ा एवं अंजना तथा छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। जिला सहायक नोडल डॉ कौर ने आमजनों को तम्बाकू के सेवन से होने वाली बिमारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि गुढाखू अथवा तम्बाकूयुक्त पदार्थ का सेवन कैंसर व गैर संचारी रोग संबंधी बिमारी का कारण बनता है। उन्होने कहा कि कई सारे मरीज ऐसे होते हुए जो इसे छोड़ना चाहते है किन्तु उचित मार्गदर्शन न होने की स्थिति में संभव नही हो पाता। उन्होंने बताया कि आमजन किसी भी दिन अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क कर तम्बाकू छोड़ने एवं उससे छोड़ने हेतु उपयोग में आने वाली दवाईयां जानकारी प्राप्त कर सकते है। तम्बाकू के सेवन से कई समस्या होती है, धुंआ रहित तंबाकू मुख कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति में नशे की अन्य आदतों वाले पदार्थों द्वारा गतिविधियों में सहनशीलता विकसित होती हैं।

अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न स्कूलों में समय पर अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जी.एल. चतुर्वेदी ने आज विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला फंदवानी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिल्ली, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुचीपारा और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोतिमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कई शिक्षक स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उन्होंने नोटिस का संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात कही है।

ईव्हीएम सीलिंग का दिया गया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। मतगणना कार्य सम्पन्न होने के पश्चात् ईव्हीएम एवं महत्वपूर्ण प्रपत्रों का सीलिंग कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्य हेतु आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने सीलिंग के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें। सीलिंग कार्य को बहुत ही सजग होकर सावधानीपूर्वक करना जरूरी है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स से अच्छी तरह सीलिंग की जानकारी प्राप्त करें तथा अपनी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करें। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजय सोनी एवं मोहन उपाध्याय ने प्रशिक्षण में मतगणना के पश्चात् ईव्हीएम सीलिंग की प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल यूनिट से बैटरी निकालना अनिवार्य है। साथ ही वीवीपेट से पेपर रोल निकालना है एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट से पेपर स्लीप निकालकर काले रंग के लिफाफे में रखकर सीलिंग करना है। उन्होने बताया कि ईव्हीएम कागजात संबंधित पैकेट 01, संवीक्षा दस्तावेज पैकेट 02, सांविधिक लिफाफा पैकेट 03 एवं असांविधिक लिफाफा को 25-25 के पैकेट में सील बंद करके पेटी में रखकर जिला कोषालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

आयोजन नौकरी तलाशने की बजाय नौकरी देने वाला उद्यम का मालिक बनाने का अभियान है स्वावलंबी भारत

युवाओं को उद्यमशील बनाने का चल रहा प्रयास

पेंड्रा रोड/नवप्रदेश। स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक सरस्वती शिशु मन्दिर पेंड्रा में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री केशव दुबोलिया ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान युवाओं में नौकरी तलाशने की मानसिकता को बदलकर नौकरी देने वाला उद्यम का मालिक बनने की अग्रसर करने का अभियान है, रोजगार सृजन केंद्र के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को उद्यमिता के विभिन्न आयामों जैसे 64-कलाओं आधारित सांस्कृतिक स्टार्टअप, सोलह सिंगार स्टार्टअप, हर्बल ब्यूटी - डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स फैशन एसेसरीज मातृशक्ति उद्यमिता, 108 जड़ी-बूटी आधारित हर्बल स्टार्टअप, मोटाअनाज आधारित 1008 भारतीय व्यंजनों का रेडी टू ईट स्टार्टअप, छप्पन-भोग खानपान उधमिता, 108 भारतीय मसाला स्टार्टअप, वनौषधि-आयुष स्टार्टअप, ट्रेडिंग, जनजातीय उधमिता, हथकरघा-बुटीक गारमेंट्स स्टार्टअप, हस्तशिल्प, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री स्टार्टअप, फूड प्रोसेसिंग स्टार्टअप, शिल्प एवं हथकरघा, डेयरी स्टार्टअप, बेकरी स्टार्टअप, महुआ स्टार्टअप, जैव उर्वरक, घरेलू / दैनिक उपयोग की

वस्तुओं का स्टार्टअप, चमरा - फुटवियर, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स आइटम स्टार्टअप्स, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर - मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक स्टार्टअप, नेचुरोपैथी एक्यूप्रेशर स्टार्टअप, संगीत एवं मनोरंजन उपकरण स्टार्टअप, रियल स्टेट सामग्री स्टार्टअप, 3डी प्रिंटिंग, सौर ऊर्जा, बैटरी इलेक्ट्रिकल वाहन स्टार्टअप सहित उनके अभिरुचि के अनुसार उद्यम शुरू करने स्टार्टअप-उद्यमिता-पारिस्थितिकी-तंत्र को विकसित किया जा सकता है।

सहकारिता आधारित उद्यमिता से स्वराज का मॉडल

श्री केशव ने आगे बताया कि प्रत्येक गाँव / जिला में उपभोक्ता आधारित दैनिक आवश्यकताओं की अधिकांश वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए उन्हीं गाँव / जिला में स्वदेशी उत्पादन, लोकल के लिए वोकल, सहकारिता आधारित आर्थिक विकेंद्रीकरण पर बल दिया जा रहा है जिससे स्थानीय उत्पाद प्राथमिकता की श्रेणी में आ जाएगी। प्रत्येक गाँव / जिला में इमर्जिंग बिजनेस इकोसिस्टम को विकसित किया जायेगा जिसका उद्देश्य सहकारिता उद्यमिता के विश्वास को बढ़ावा देना।

38 करोड़ युवाओं को स्वावलंबी बनाने का अभियान

श्री नीरज जैन ने बताया कि भारत के पास मौजूदा वक्त में 16 से 30 वर्ष के 38 करोड़ युवा-शक्ति का सामर्थ्य हैं तथा प्रत्येक वर्ष सवा करोड़ युवा रोजगार के लिए बाजार में आ रहे हैं। इनके रोजगार की पूर्ति अकेले सरकार या कंपनियां नहीं कर सकती हैं, इसके लिए स्वउद्यमिता को बढ़ावा देने को ध्यान में रखकर भाजपा आगे बढ़ रही हैं, युवाओं में उद्यमिता, स्वरोजगार व अर्थसृजन करने को एक जनआंदोलन बनाना प्रमुख उद्देश्य है।

न्यूज गैलरी

जिले में 3569 डाक मतपत्र प्राप्त हुए

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत डाक मतपत्र के माध्यम से दिव्यांग, 80 से अधिक आयु वाले मतदाता, अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा ईटीपीबी द्वारा मतदान किया गया है। इसके नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि अब तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 505 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से 1221 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 1096 इस प्रकार कुल 2822 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इसी तरह दिव्यांग एवं 80 प्लस मतदाताओं द्वारा विधानसभा अंतागढ़ क्षेत्र से 36, भानुप्रतापपुर से 192 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र से 70 इस प्रकार कुल 298 एवं सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी अंतर्गत विधानसभा अंतागढ़ से 34, भानुप्रतापपुर से 183, कांकेर से 232 सहित कुल 449 डाक मतपत्र प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक कुल 3569 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

सीजीपीएससी के लिए क्रैश कोर्स

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान में आगामी 11 फरवरी 2024 को होने वाले राज्य लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा के लिए 60 दिवसीय क्रैश कोर्स एवं राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज 7 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें चयनित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा। क्रैश कोर्स में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 6 दिसंबर 2023 दिन बुधवार को बीजापुर कैरियर एकेडमी, सेंट्रल लाइब्रेरी के पास जैतालूर रोड बीजापुर में आयोजित किया जाएगा।

नक्सलियों ने की उपसरपंच की हत्या, मोबाइल टावर भी जलाए

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने कंदाड़ी गांव के उप सरपंच की जन अदालत लगाकर हत्या कर दी। मोबाइल टावर में भी आगजनी की है। घटना जिले के छोटे बेठिया और बांदे थाना क्षेत्र की है। नक्सलियों ने उप सरपंच की हत्या क्यों की है फिलहाल ये स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह आज से

शनिवार 2 दिसंबर से नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह शुरू हो रहा है। इसके पहले नक्सली बस्तर के अलग-अलग इलाकों में घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कांकेर जिले में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। कंदाड़ी गांव के उप सरपंच रामशू कचलामी की जन अदालत लगाकर कर दी और इसके शव को फेंक दिया। नक्सलियों ने पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी भी ली है। बताया जा रहा है नक्सलियों ने उपसरपंच को कुछ दिन पहले अगवा कर लिया था। दो दिन पहले जन अदालत लगाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

पक्की सड़क को भी काटा

नक्सलियों ने संगम जाने वाली पक्की सड़क को भी जगह-जगह से काट दिया है। भारी मात्रा में पर्चे भी फेंके हैं। नक्सली 8 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाएंगे। लगातार हो रही नक्सली घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

एक महीने में 6 की हत्या

नक्सलियों ने कांकेर जिले में एक महीने के अंदर 6 लोगों की हत्या कर दी है। एक महीने के अंदर हत्या, ब्लास्ट जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं।

मतगणना स्थल पर मोबाइल, पेन, घड़ी आदि प्रतिबंधित

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत तथा पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा द्वारा जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के पत्रकारों से प्रेस वार्ता लेकर तैयारी संबंधी जानकारी दी। प्रेस वार्ता में कलेक्टर वसंत ने बताया कि मतगणना कार्य 3 दिसंबर को जिले के शासकीय स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में संपन्न कराई जाएगी, जिसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मतगणना 14 टेबल में 19 राउंड में संपन्न होगा। जिसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पोस्टल बैलेट के लिए 2 टेबल में गणना किया जाएगा। जिले में अब तक 771 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं उन्हें जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखा गया है। 3 दिसंबर को प्रातः 6 बजे स्ट्रांग रूम से निकाल कर मतगणना स्थल ले जाया जाएगा। पोस्टल बैलेट की गणना प्रातः 8 बजे से प्रारंभ कर गणना किया जाएगा, तत्पश्चात ईव्हीएम के माध्यम से मतगणना किया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रिटर्निंग आफिसर को इसकी लिखित शिकायत कर निराकरण कर सकते हैं। कलेक्टर वसंत ने बताया कि प्रत्येक राउंड पूर्ण होने के पश्चात माईक के द्वारा परिणाम की घोषणा किया जाएगा।

तीन स्तर की सुरक्षा

पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने कहा कि मतगणना स्थल के प्रवेश द्वार से लेकर मतगणना स्थल तक तीन स्तर पर सुरक्षा जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी किया जाएगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल, पेन, घड़ी सहित अन्य सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना दिवस के दिन शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्रेस वार्ता में रिटर्निंग आफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे, उप जिला निर्वाचन डीडी मण्डावी, पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी रामसिंह सोरी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारगण मौजूद थे।

मतगणना के लिए टीमों का गठन

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला बीजापुर के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर हेतु मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को सांस्कृतिक भवन बीजापुर में किया जावेगा। इस हेतु सम्पूर्ण तैयारी की जा चुकी है, मतगणना हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं अन्य सभी टीमों का गठन किया जा चुका है। विधानसभा निर्वाचन हेतु सेवा निर्वाचक के ETPBS डाक मतपत्र पोस्ट आफिस के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। 03 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे तक प्राप्त सभी सेवा निर्वाचक ETPBS डाक मतपत्र को मतगणना में सम्मिलित किया जावेगा। 8 बजे के बाद प्राप्त होने वाले डाक मतपत्र मतगणना में सम्मिलित नहीं होंगे। सभी प्रकार के डाक मतपत्र जिला कोषालय में पर्याप्त सुरक्षा में रखा गया है। उक्त डाक मतपत्रों को मतगणना हेतु प्रातः 6 बजे मतगणना स्थल ले जावेगा। 30 नवम्बर 2023 तक प्राप्त डाक मतपत्र/पोस्टल बैलेट/ETPBS डाक मतपत्र की संख्या अर्न्तगत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 638, डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 153, विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक के डाकमत पत्र 28, इस तरह आज पर्यन्त तक संचित कुल प्राप्त डाकमत पत्रों की संख्याओं का कुल योग 819 है।

धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर कार्रवाई

1809 क्विंटल धान जप्त

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 01 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके साथ ही पड़ोसी जिले और राज्यों से धान के अवैध परिवहन हेतु जिले के सीमा में जांच नाका स्थापित कर लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के अंदर ही अवैध धान भण्डारण एवं खरीदी बिक्री पर खाद्य विभाग द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है। इस क्रम में 30 नवंबर को खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गीदम के व्यापारियों के यहां जांच की गई। जांच में मेसर्स सुराना ट्रेडिंग कंपनी, बारसूर रोड गीदम के परिसर में जांच कर धान 1150 क्विंटल, मक्का 14 क्विंटल पाया गया, जिसके संबंध में उपस्थित मुंशी अनिल वेक द्वारा पर्याप्त दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराने पर

मंडी अधिनियम 1972 के अधीन धान 1150 क्विंटल जप्त किया गया। इसी प्रकार मेसर्स जे.एम.बी. कोल्ड स्टोरेज परिसर की भी जांच की गयी, जहाँ 659 क्विंटल धान पाया गया, जिसके संबंध में रसीद प्रस्तुत किया गया, परन्तु स्टॉक रजिस्टर, बी-1 पंजी अद्यतन नहीं होन एवं स्टॉक मिलान नहीं होने के कारण 659 क्विंटल धान जप्त कर कार्यवाही किया गया। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक ने बताया कि खाद्य निरीक्षक श्री अमित तिवारी, प्रमोद सोनवानी, सचिन धृतलहरे एवं मंडी निरीक्षक श्री यादव के द्वारा प्रथमतया दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर इस कार्यवाही के दौरान कुल धान 1809 क्विंटल को जप्त किया गया है। उक्त प्रकरण में दस्तावेज के परीक्षण उपरांत अंतिम प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया जावेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

124 ग्रामीणों की जांच, मलेरिया के 5 मरीज मिले

नदी नाले पार कर रेवाली पहुंचा स्वास्थ्य अमला

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 9वां चरण 28 दिसंबर से चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले की विभिन्न पहुंचविहीन एवं सुदूर ग्राम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर पहुंचकर सर्वे कर ग्रामीणों को मलेरिया की जांच की जा रही है। इसके लिए विभाग के द्वारा दुरस्थ इलाकों का चयन किया गया है, जहां सघन तौर पर मलेरिया का जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम रेवाली के ताड़ पारा पहुंच कर स्वास्थ्य दल के द्वारा ग्रामीणों की मलेरिया की जांच की गई। रेवाली के ताड पारा तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य दल को नदी नाले पार कर लगभग 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा दवा खिलाई गई साथ ही मलेरिया के बचाव हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने को कहा, साथ ही अपने आसपास गड्ढे,

किंतु मलेरिया मुक्त दंतेवाड़ा बनाने के लिए संकल्पित स्वास्थ्य दल ने वहां पहुंचकर 124 ग्रामीणों की मलेरिया की जांच किया जिसमें 5 मरीज मलेरिया किट पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें तत्काल मलेरिया की पुराने बर्तन, टायर में पानी का ठहराव न करने की सलाह दी गई। इस दौरान सी एच ओ सत्यवान नाग, आर एच ओ सोहिता बाई, राजकुमार कश्यप, मितानिन सुक्की सहित स्वास्थ्य दल मौजूद थे।

प्रदेश की महिलाओं को उद्यमिता विकास पर दिल्ली में प्रशिक्षण : सियो पोटाई

11 से 22 दिसंबर तक उद्यमिता विकास कार्यक्रम के लिए नामांकन शुरू

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सहकारी संघ मर्या. कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देश की राजधानी नई दिल्ली में 11 दिसंबर से 22 दिसंबर 2023 तक भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) में एनसीसीई में महिला सहकारी प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिसमें कांकेर जिला के सहकारी कर्मचारी एवं महिला प्रशिक्षक भाग ले सकते है। जिला सहकारी संघ मर्या.

कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने बताया सहकारिता की शीर्ष संस्था एनसीयूआई नई दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र ने महिला सहकारी प्रशिक्षकों और अधिकारियों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया है।

यह नया पाठ्यक्रम महिलाओं के उद्यमिता विकास के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिससे महिलाओं में नेतृत्व का विकास होगा। श्रीमती पोटाई ने आगे कहा कि देश में कुल आबादी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है। ये महिलाएं विभिन्न सामाजिक, आर्थिक कारणों से अपने परिवार के साथ-साथ समाज में आर्थिक योगदान देने में अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने में असमर्थ हैं। जबकि एक गृहणी के रूप में महिलाओं में प्रबंधन के प्राकृतिक गुण होते है इसलिए महिलाएं परिवार में वित्त और उत्पादन का प्रबंधन करते है। उनमें उचित सहायता और समर्थन के साथ एक उद्यम का प्रबंधन करने की अंतर्निहित क्षमता होती है और उन्हें अपने उद्यमशीलता कौशल को बढ़ाने का अवसर मिलता है। इसलिए यह प्रशिक्षण महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। श्रीमती पोटाई ने आगे कहा कि शिक्षित एवं अर्ध शिक्षित महिलाएं एक छोटा व्यवसाय शुरू करने, रोजगार पैदा करने और धन कमाने में सक्षम हो सकती है। इसलिए एनसीयूआई ने इस पाठ्यक्रम को डिजाइन किया है और महिलाओं को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) के सहयोग से इसे लागू करेगा। पाठ्यक्रम में उद्यमिता की शुरुआत और विपणन योजना जैसे उसके घटकों पर विषय शामिल है। प्रबंधन नेतृत्व व्यवसाय योजना, लेखांकन आदि पाठ्यक्रम की अवधि दो सप्ताह है। यह एक आवासीय पाठ्यक्रम है।

शोक संतप्त परिवार के 15 लोगों ने बूथ पहुंचकर किया मतदान

कांकेर/नवप्रदेश। दुर्गुकोंदल में आयोजित सम्मान समारोह में कमलपुर मतदान केंद्र क्रमांक- 11 के बीएलओ गणेश दास ने अपना अनुभव साझा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि मतदान वाले दिन गांव के एक परिवार में 14 वर्षीय बच्ची की आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिसकी वजह से उनके द्वारा मतदान में सम्मिलित होना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने (बीएलओ ने) शोकाकुल परिवार में जाकर संवेदना व्यक्त की।

इससे प्रभावित होकर कि जब मतदान दिवस को अपने व्यस्ततम समय में घर आकर शोक व्यक्त किया, तो क्यों न हम मतदान कर लोकतंत्र के श्रेष्ठ कर्तव्य का निर्वहन करें। यह सोचकर परिवार के सभी 15 सदस्य मतदान केन्द्र पहुंच गए, जिनसे बीएलओ ने प्राथमिकता से वोट कराया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि समीप के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोयेगांव के मतदाता मतदान को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं थे, उन्हें भी अपने व्यक्तिगत प्रयास से वोट कराने में सफल रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला ने बीएलओ की सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया। बता दें कि उक्त मतदान केंद्र कमलपुर में 92.85 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

दुर्गुकोंदल के जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में बीएलओ ने बताया उनके मतदान केंद्र क्रमांक 38 विद्यानगर पखांजूर में कुल 93.25 फीसदी वोट पड़े, जो पूरे अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहा। बीएलओ की जी-तोड़ मेहनत की तारीफ करते हुए कलेक्टर ने बधाई दी। इस दौरान श्री गौतम मण्डल व अन्य बीएलओ ने अपनी बात रखते हुए मांग की कि आदर्श मतदान केन्द्रों की तर्ज पर यदि सभी पोलिंग बूथों को भी मॉडल बूथ के तौर पर विकसित किया जाए तो काफी हद तक मतदान प्रतिशत में निश्चित तौर पर वृद्धि होगी। सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि अंतागढ़ के मेण्ड्रा तथा भानुप्रतापपुर के सराधुघमरे मतदान केंद्र में पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ा, जिसका परिणाम आशातीत रहा है।

उन्होंने बताया कि मेण्ड्रा में पिछले चुनाव में सिर्फ 10.14 प्रतिशत ही वोटिंग हुई थी, जबकि इस वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 87 प्रतिशत मतदान हुआ जहां वृद्धि का प्रतिशत 76.86 रहा। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सराधुघमरे में यहां पिछली बार 40.44 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जहां इस बार बढ़कर ऐतिहासिक रूप से 77.02 प्रतिशत वोट पड़े। यानी इस केन्द्र में 36.58 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

बाकुलवाही में एचआईवी से बचाव की दी जानकारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। वर्ल्ड एड्स दिवस 1 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। ग्राम पंचायत बाकुलवाही के घोटूल में वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रीमति हीना नाग, पी.एल. व्ही. किशोर न्याय बोर्ड नारायणपुर के द्वारा एड्स (लाईलाज) बीमारी की जानकारी दी गई तथा इसके संक्रमण से बचाव के बारे में जागरुक किया गया। एच.आई.वी. एड्स संक्रमण होने के दो से छः सप्ताह में असर दिखना शुरू हो जाते हैं। एड्स से संक्रमित होने पर ईलाज से लाभ होता है परंतु इसका पूर्ण इलाज होना नामुमकिन है। इस लिए लोगों को अपने आप में सुरक्षा अपनाना व जागरुक होना आवश्यक है जिससे बीमारी की संभावना ना हो।

एड्स एक गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी वायरस के कारण होती है। यह आपके शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली को भारी नुकसान पहुंचाता है, जिसके कारण किसी भी व्यक्ति के संक्रमण से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है। एचआईवी इंफेक्शन का अंतिम चरण एड्स होता है। एड्स एक तरह का संक्रामक यानि की एक से दूसरे को और दूसरे से तीसरे को होने वाली एक गंभीर बीमारी है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनोडिफिशिएंसी सिंड्रोम है। एचआईवी संक्रमण के कुछ ही हफ्तों के अंदर, बुखार, गले में खराश और थकान जैसे फ्लू के लक्षण दिख सकते हैं। फिर एड्स होने तक आमतौर पर रोग के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते. एड्स के लक्षणों में वज़न घटना, बुखार या रात को पसीना, थकान और बार-बार संक्रमण होना शामिल हैं। शिविर में उप स्वास्थ्य केंद्र बाकुलवाही के स्वास्थ्य कार्यकर्ताएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं गांव की महिलाएं उपस्थित थीं।

आग लगाने वाले चार ईनामी नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के भांसी थाना क्षेत्र में बीते 26 नवंबर को सड़क निर्माण के काम में लगे 14 वाहनों में आगजनी की घटना में शामिल चार नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चार नक्सलियों में से दो नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। दंतेवाड़ा जिले की डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ 230 बटालियन के जवानों की संयुक्त टीम ने इन चारों ही नक्सलियों को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र हुर्रेपाल और कोंडापाल के जंगल और पहाड़ी में सर्चिंग के दौरान धर दबोचा। गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ करने पर चारों ने

वाहनों में आगजनी की वारदात में शामिल रहने की बात कबूल की। पूछताछ के दौरान नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि आगजनी की वारदात में 50 से अधिक नक्सली शामिल थे, जिनमें से कुछ नक्सलियों के नाम भी सामने आए हैं। इसके बाद पुलिस ने नामजद नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। दंतेवाड़ा एडिशनल एसपी आरके बर्मन ने बताया कि 26 नवंबर को भांसी थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी के यार्ड में रखे 14 वाहनों में आगजनी की घटना के बाद पुलिस अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लगातार जिले के अलग-अलग इलाकों में एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान गुरुवार को सीआरपीएफ 230 बटालियन, जिला रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर्स के जवान हुर्रेपाल और कोंडापाल के जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान यहां छिपे चार नक्सली जवानों को देख भाग रहे थे।

बस्तर के बारसूर को संरक्षित करने हेरिटेज वॉक

विश्व हेरिटेज सप्ताह

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर की पुरातात्विक पहचान और धरोहर को संरक्षित और उसके महत्व को समझाने ''विश्व हेरिटेज सप्ताह'' पर दंतेवाड़ा के बारसूर में स्कूल के बच्चों को ''हेरिटेज वॉक'' कराया गया। जिसमें लगभग 170 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' एवं बारसूर पर्यटन समिति के तत्वाधान के तहत किया गया।

इतिहास और महत्व के बारे में बताया

इस दौरान बच्चों को बारसूर स्थित 11 वीं शताब्दी के

पुरातात्विक मंदिरों के इतिहास तथा उसके महत्वों के बारे में बताया गया। इन मंदिरों में बत्तीसा मंदिर दंतेश्वरी, मामा भांजा, सोलह खंबा, गणेश मंदिर एवं चन्द्रादित्य मंदिर शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया साथ ही हेरिटेज वॉक से जुड़े प्रश्न पूछे गये। जिसके उपरांत उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने भी जिज्ञासा और सक्रिय भागीदारी दर्शाते हुए साबित किया कि पुरातन विरासत को समझने और संरक्षित करने में भी उनका भी योगदान हो सकता है। ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' के टीम से हुई बात-चीत के दौरान टीम ने बताया कि ''हेरिटेज वॉक'' न केवल स्थानीय धरोहर को बढ़ावा देने में मदद करता है, बल्कि इन बच्चों में इस प्रकार के ऐतिहासिक स्थलों के प्रति संरक्षण की भावना को जागृत करने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षिक पहल के माध्यम से हम नए पीढ़ियों को हमारी धरोहर के प्रति संवेदनशील बनाकर उन्हें समृद्ध और सामर्थ्यपूर्ण समाज के नेतृत्व की दिशा में बढ़ावा दे सकते हैं।

मोर्चो धरोहर के तहत संरक्षण, प्रचार प्रसार

गौरतलब है कि ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' द्वारा चलाये जा रहे मोर्चो धरोहर प्रोग्राम के अंतर्गत बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित एवं उसके महत्वों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा चल रहे अतुल्य दंतेवाड़ा के तहत पर्यटन एवं अन्य पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और लोगों में इसकी महत्ता जागृत करने हेतु कराया गया।

ये हुए शामिल

इस कार्यक्रम में ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' से जीत सिंह आर्य, मनीष पानीग्राही, अनिरुद्ध सरकार, यशिका बुरका, बी बिंदु, शिखर साहू, बारसूर पर्यटन समिति से शुभम् कुसामी, सुंदर नाग, हेमकुमार भारद्वाज, मधुदरी समरथ एवं विद्यालयों के शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भावना पुनेम एवं जिला प्रशासन से भुवन जोशी उपस्थित थे।

सूर्या टी-20, राहुल वनडे और रोहित टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हर फॉर्मेट में अलग कप्तान टीम की कमान संभालेगा। टी-20 में सूर्यकुमार यादव, वनडे में केएल राहुल और टेस्ट में रोहित शर्मा कप्तानी करेंगे।माना जा रहा था कि रोहित शर्मा को टी-20 टीम की कप्तानी भी दी जाएगी। हालांकि, रोहित ने टी-20 और वनडे दोनों टीमों से खुद को अलग रखा है। विराट कोहली भी इन दोनों सीरीज में नहीं खेलेंगे।10 दिसंबर से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर टीम इंडिया को 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए टीम 6 दिसंबर को रवाना होगी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। उन्होंने खुद इन दो सीरीज से ब्रेक मांगा था।

टी-20 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और दीपक चाहर।

वनडे टीमः केएल राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर।

टेस्ट टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और प्रसिद्ध कृष्णा।

टूर्नामेंट 4 से 30 जून तक क्रिकेट इतिहास में पहली बार अमेरिका को भी मेजबानी

डोमिनिका टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के मैचों की मेजबानी नहीं करेंगा। क्रिकइंफो के मुताबिक, डोमिनिका सरकार ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रैक्टिस और मैच वेन्यू पर काम पूरा करने में देश की असमर्थता बताते हुए यह निर्णय लिया। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 4 से 30 जून तक खेला जाएगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच होंगे।शुरुआत में डोमिनिका को वेस्टइंडीज के छह अन्य देशों के साथ टूर्नामेंट के लिए होस्ट वेन्यू के रूप में चुना गया था। ये छह देश एंटीगुआ और बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं। इसके अलावा ढ्रष्ट ने अमेरिका के 3 शहरों के नाम फाइनल किए हैं जहां पर टी-20 वर्ल्ड कप के मैचों का आयोजन होगा। उसमें न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास शामिल हैं।20 टीमों को 5-5 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज में 40 मैच होंगे। सभी ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 स्टेज में पहुंचेंगी, इस स्टेज में 12 मैच होंगे। सुपर-8 की भी 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच 30 जून 2024 को टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। दो सेमीफाइनल, एक फाइनल और 52 ग्रुप स्टेज मैच मिलाकर टूर्नामेंट में 27 दिन के अंदर कुल 55 मैच खेले जाएंगे।2021 और 2022 में खेले गए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में 16-16 टीमें थीं। 8 में से 4 टीमें क्वालिफायर खेलकर सुपर-12 स्टेज का हिस्सा बनती थीं।

रोहित-कोहली के भविष्य पर बोले पीटरसन, आईपीएल का इंतजार

देहरादून। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के पास आगामी टी20 विश्व 2024 के लिए भारत की टीम में शामिल होने का मौका है।

भारतीय क्रिकेट सेटअप में प्रतिभा की गहराई को देखते हुए, वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद कोहली और रोहित के भविष्य को लेकर गहन चर्चा जारी है। जबकि रोहित और कोहली ने वनडे विश्व कप में प्रभावशाली फॉर्म दिखाया।केविन पीटरसन ने इस बात पर जोर दिया कि आईपीएल 2024 में उनका प्रदर्शन अगले साल जून में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए उनके चयन पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।पीटरसन ने बताया, कोहली और रोहित के पास कई मौके है। उन्हें देखना होगा कि वे आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं। चयनकर्ताओं को उन्हें आईपीएल में जांचना होगा क्योंकि वे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हैं।आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने कुल मिलाकर 173 खिलाड़ियों को रिटेन किया। रोहित और कोहली को क्रमशः मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने रिटेन किया है।पीटरसन ने कहा कि चूंकि आईपीएल 2024 और अगले साल के टी20 विश्व कप के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। इसलिए यह कुछ खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका हो सकता है।वर्तमान में इंडिया कैपिटल्स में गौतम गंभीर की कप्तानी में लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2023 सीज़न में खेल रहे पीटरसन एलएलसी में प्रतिस्पर्धा के उच्च मानकों को स्वीकार करते हैं।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इसे सेवानिवृत्त क्रिकेटरों के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शामिल होने और संभावित रूप से अपने क्रिकेट करियर में दूसरी पारी शुरू करने के एक मूल्यवान अवसर के रूप में देखते हैं।पीटरसन ने बताया, यह हमारे लिए दूसरी पारी हो सकती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जो देख रहे हैं वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट है और यह हमेशा जोखिम होता है। यह जानते हुए कि कुछ खिलाड़ी कुछ समय के लिए खेल से बाहर हो जाते हैं। इसलिए कभी-कभी आप उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते।

चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड की जीत

मैड्रिड। रियल मैड्रिड बी-टीम के खिलाड़ी निको पाज़ ने महत्वपूर्ण तीसरा गोल किया, जिससे उनकी टीम ने नेपोली को 4-2 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग में अपना विजयी रिकॉर्ड बरकरार रखा।जियोवानी शिमोन की बदौलत नेपोली ने सैंटियागो बर्नब्यू में बढ़त बना ली। एटलेटिको मैड्रिड के बॉस डिएगो शिमोन के बेटे ने मैच से पहले एटलेटिको के प्रतिद्वंद्वियों के घर में स्कोर करने की अपनी इच्छा के बारे में बात की थी और इसे पूरा भी किया। हालांकि, नेपोली की खुशी दो मिनट तक ही कायम रही। जूड बेलिंगहैम के सीज़न के 15वें गोल ने 22वें मिनट में मैड्रिड को आगे कर दिया और आंद्रे-फ्रैंक ज़ाम्बो एंगुइसा ने ब्रेक के दो मिनट बाद ही बराबरी कर ली। पाज़ के 84वें मिनट के गोल और इंजरी टाइम में जोसेलु के चौथे गोल ने रियल मैड्रिड को परफेक्ट बनाए रखा। वहीं, रियल सोसिदाद ने घरेलू मैदान पर आरबी साल्ज़बर्ग से 0-0 से ड्रा खेला। जबकि सेविला का चैंपियंस लीग का सपना अपने घरेलू मैदान पर पीएसवी आइंडहोवन से 3-2 से हारकर खत्म हो गया।

नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप दिल्ली में महिला निशानेबाज अंजुम मोडगिल ने जीते दो मैडल

चंडीगढ़। विश्व चैंपियनशिप में दो बार रजत पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज अंजुम मोडगिल ने अपनी लय जारी रखते हुए दो मेडल और जीते हैं। पंजाब पुलिस में कार्यरत अंजुम ने चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के पश्चात अब पंजाब पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी हासिल करके नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड पर निशाना लगाया। उन्होंने इंडिविजुअल सिल्वर मेडल 50 मीटर 3 पोजिशन और टीम इवेंट में सिफ्त कौर व वंशिका के साथ गोल्ड मैडल जीता। चंडीगढ़ में जन्मी निशानेबाज, 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गई थी। उन्हें उम्मीद है कि वह अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले चयन ट्रायल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पेरिस के लिए उड़ाई भरेंगी।

फीबा ने ओलंपिक क्वालीफायर के दो मेजबानों की घोषणा की

जिनेवा। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) ने पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 में 3×3 बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए तीन ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (ओक्यूटी) में से दो के लिए मेजबान शहरों की घोषणा की। उत्सुनोमिया, जापान (3-5 मई), को यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट (यूओक्यूटी) की मेजबानी करेगा जबकि डेब्रेसेन, हंगरी (23-26 मई, 2024) को ओक्यूटी की मेजबानी करेगा।फीबा प्रत्येक टूर्नामेंट में प्रति जेंडर एक कोटा स्थान के साथ दो यूओक्यूटी का आयोजन करेगा और पेरिस 2024 के लिए प्रति जेंडर तीन कोटा स्थानों के साथ एक यूओक्यूटी शामिल होगा।30 जुलाई-5 अगस्त, 2024 को पेरिस में ओलंपिक 3×3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रति जेंडर आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।पुरुष टीमों में सर्बिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन का नाम शामिल है। जबकि महिला टीमों में चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस को 1 नवंबर, 2023 तक उनकी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहले ही पेरिस 2024 में बर्थ से सम्मानित किया जा चुका है।3×3 बास्केटबॉल ने टोक्यो 2020 में अपनी शुरुआत की, जिसमें लातविया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्रमशः पुरुष और महिला स्वर्ण पदक जीते।

बिजनेस

माइक्रोसॉफ्ट ओपनएआई के बोर्ड में शामिल

सैन फ्रांसिस्को। इस महीने की शुरुआत में एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद सैम ऑल्टमैन आधिकारिक तौर पर सीईओ के रूप में ओपनएआई में लौट आए हैं। इससे माइक्रोसॉफ्ट को कंपनी के बोर्ड में एक गैर-मतदान पर्यवेक्षक सीट मिल गई है। ओपनएआई के नए बोर्ड में अध्यक्ष ब्रेट टेलर, लैरी समर्स और एडम डी'एंजेलो शामिल हैं, जो पिछले बोर्ड से एकमात्र शेष बचे हैं। ओपनएआई में माइक्रोसॉफ्ट एक प्रमुख निवेशक है, जिसकी इस लाभकारी इकाई में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे गैर-लाभकारी बोर्ड नियंत्रित करता है।

कर्मचारियों को दिए गए एक ज्ञापन में, ऑल्टमैन ने कहा कि उनके मन में ओपनएआई के सह-संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक इल्या सुतस्केवर के प्रति कोई दुर्भावना नहीं है, जो ऑल्टमैन को हटाने के पीछे थे। ऑल्टमैन ने ज्ञापन में कहा, हालांकि इल्या अब बोर्ड में काम नहीं करेगा, हमें उम्मीद है कि हम अपने कामकाजी संबंध जारी रखेंगे और चर्चा कर रहे हैं कि वह ओपनएआई में अपना काम कैसे जारी रख सकता है।उन्होंने कर्मचारियों से कहा, यह तथ्य कि हमने एक भी ग्राहक नहीं खोया है, हमें आपके लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि ओपनएआई अनुसंधान योजना को आगे बढ़ाएगा और अपने पूर्ण-स्टैक सुरक्षा प्रयासों में और निवेश करेगा। ऑल्टमैन ने कहा, हमारा शोध रोडमैप स्पष्ट है; यह अद्भुत रूप से ध्यान केंद्रित करने का समय है। मैं उस उत्साह को साझा करता हूं, जो आप सभी महसूस करते हैं; हम इस संकट को अवसर में बदल देंगे! मैं इस पर मीरा (मुराती) के साथ काम करूंगा।'ओपनएआई बोर्ड के अध्यक्ष टेलर ने कर्मचारियों से कहा कि वे इस बात से रोमांचित हैं कि सैम, मीरा और ओपनएआई के अध्यक्ष और सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन एक साथ वापस आकर कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं और इसे आगे बढ़ा रहे हैं। हम असाधारण व्यक्तियों का एक योग्य, विविध बोर्ड बनाएंगे, जिनका सामूहिक अनुभव ओपनएआई के मिशन की चौड़ाई का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि इस बोर्ड में माइक्रोसॉफ्ट के लिए एक गैर-मतदान पर्यवेक्षक शामिल होगा।

ऑल्टमैन को पहले एआई चैटबॉट चैटजीपीटी के डेवलपर ओपनएआई के सीईओ के पद से हटा दिया गया था, और पहले बोर्ड ने कहा था कि ओपनएआई का नेतृत्व जारी रखने की उनकी क्षमता पर अब कोई भरोसा नहीं है।

विंक रीवाइंड पर भारत के 2023 के फेवरेट म्यूजिक लाइव

गुड़गांव। डाउनलोड्स और डेली एक्टिव यूजर्स के लिहाज से भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक ने आज अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है। इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है।

विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजर्स के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजर्स के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेंड्ज़ दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है।

इस साल के रीवाइंड में खास फीचर्स हैं, जैसे कि म्यूजिकल ज़ोडियाक, जो फैन कंजम्पशन पर आधारित एक रिसीव एक्टिविटी है। इसके द्वारा प्रशंसकों की यह जानने में मदद की जाती है कि वे किसके सुपरफैन हैं।

भौतिक व रासायनिक विश्लेषण को तैयार है पनियाला

लखनऊ। पानीदार पनियाला अब भौतिक और रासायनिक विश्लेषण के लिए तैयार है। लखनऊ रहमान स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने गोरखपुर और पड़ोसी जिलों के पनियाला बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। जल्द ही इन पौधों का वैज्ञानिक परीक्षण शुरू होगा। न सिर्फ इनके स्वस्थ्य संबंधी गुणों की पहचान होगी। बल्कि अन्य गुण भी सामने आयेंगे। इसे जीआई में शामिल करने के प्रयास तेज हैं।

संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. दुष्यंत मिश्र एवं डा. सुशील कुमार शुक्ल ने कुछ स्वस्थ पौधों से फलों के नमूने लिए। दोनों वैज्ञानिकों ने बताया कि अब संस्था की प्रयोगशाला में इन फलों का भौतिक एवं रासायनिक विश्लेषण कर उनमें उपलब्ध विविधता का पता किया जा जाएगा। उपलब्ध प्राकृतिक वृक्षों से सर्वोत्तम वृक्षों का चयन कर उनको संरक्षित करने के साथ कलमी विधि से नए पौधे तैयार कर इनको किसानों और बागवानों को उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय पनियाला को इंडियन कॉफी प्लम और पानी आंवला के नाम से भी जाना जाता है। इनके पेड़ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज क्षेत्रों में पाये जाते हैं। पांच छह दशक पहले इन क्षेत्रों में बहुतायत में मिलने वाला पनियाला अब लुप्तप्राय है। केंदीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी दामोदर ने बताया कि इसके पत्ते, छाल, जड़ों एवं फलों में एंटी बैक्टिरियल प्रापर्टी होती है।

सोने की कीमतें 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

मुंबई। कमजोर डॉलर और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर रोक की उम्मीद से पीली धातु की मांग बढ़ने से वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें छह महीने के उच्चतम स्तर को पार कर गईं। कीमती धातु के उच्च आयात के कारण वैश्विक कीमतें भारत में घरेलू कीमतों पर भी प्रभाव डालती हैं। हाजिर सोना 0.5 फीसदी बढ़कर 2,012.33 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि अमेरिकी सोना वायदा भी 0.5 फीसदी बढ़कर 2,013.10 डॉलर हो गया। प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई है और वर्तमान में यह दो महीने के निचले स्तर पर है, जिससे अन्य विदेशी मुद्राओं में कीमती धातु सस्ती हो गई है।

कम ब्याज दरों की उम्मीद वित्तीय साधनों को सोने की तुलना में निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है, जिसे एक सुरक्षित निवेश माना जाता है।

जॉब है और वी ने भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हाथ मिलाया

मुंबई। जाने-माने ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेन्ट प्लेटफॉर्म और इन्फो ऐज (इंडिया) लिमिटेड की सब्सिडरी 'जॉब है' को प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो युवाओं को नौकरियों के अवसरों के साथ जोड़कर उनके नौकरी ढूंढने के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। 'जॉब है' को वी ऐप पर वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे भारत के नौकरी ढूंढने वाले युवा, अच्छी नौकरियों से जुड़ सकेंगे। वर्तमान में 'जॉब है' के पास पहले और दूसरे स्तर के शहरों जैसे दिल्ली, नोएडा, गुरूग्राम, बैंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, चण्डीगढ़, भोपाल, कोची, पुणे, नागपुर से लाखों से अधिक लिस्टेड वैकेन्सियां हैं। 'जॉब है' 50 से अधिक शहरों में 45 से अधिक कैटेगरीज़ में लाखों स्थानीय नौकरियां उपलब्ध कराता है। इस प्लेटफॉर्म पर विभिन्न जॉब प्रोफाइल रेंज में नौकरियां उपलब्ध हैं जैसे टैलीकॉलर सेल्स, बिज़नेस डेवलपमेन्ट, बैक ऑफिस, ग्राफिक्स डिज़ाइनर, डिलीवरी, सिक्योरिटी गार्ड आदि।

अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज ओटीटी रिलीज के लिए तैयार

पूर्व एडिशनल चीफ माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। इसमें 1989 में रानीगंज की कोयला खदानों में फंसे मजदूरों के बचाव अभियान को दिखाया गया है।बेशक फिल्म में उनकी अदाकारी को सराहा गया, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर केवल लगभग 32 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब मिशन रानीगंज ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है।मिशन रानीगंज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। इसका प्रीमियर 1 दिसंबर से होगा। हालांकि, अभी तक नेटफ्लिक्स की तरफ से इस खबर की पुष्टि नहीं की है।मिशन रानीगंज में अक्षय की जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है।फिल्म में दिव्येंदु भट्टाचार्या, रवि किशन, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, वरुण बडोला जैसे कलाकार भी हैं।मिशन रानीगंज का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है, वहीं दीपक किंगरानी और पूनम गिल ने मिलकर फिल्म की कहानी लिखी है। अक्षय बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। उनकी हेरा फेरी 3, वेलकम टू द जंगल ,हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 भी कतार में हैं। वह साउथ के सुपरस्टार सूर्या की तमिल फिल्म सोरारई पोटरु के हिंदी रीमेक का भी हिस्सा हैं।

मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट तैयार, अगले साल शुरू होगी शूटिंग

रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी की तीसरी किस्त को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं।मर्दानी और मर्दानी 2 की रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी के बाद दर्शक भी मर्दानी 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।रानी पहले ही इस फिल्म की पुष्टि कर चुकी हैं। फिल्म को लेकर तरह-तरह की रिपोर्ट आती रहती हैं।अब नई जानकारी के मुताबिक फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट तय हो चुकी है। गोपी पुथरान ने पिछले कुछ महीनों में फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार की है। इसे रानी के पति और फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा की हामी मिल चुकी है।इसका निर्देशन भी गोपी ही करेंगे। फिलहाल फिल्म की कास्टिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।खबर यह भी है कि मर्दानी की तीसरी किस्त की शूटिंग अगले साल से शुरू होगी।रिपोर्ट्स के अनुसार, रानी फिल्म के लिए एक ठोस स्क्रिप्ट चाहती हैं। उनके अनुसार, कहानी में कुछ वजन होना चाहिए और इसकी कोई प्रासंगिकता होनी चाहिए।रानी चाहती हैं कि कहानी ऐसी हो, जो दर्शकों खासतौर से महिलाओं से जुड़ सके और उन्हें सशक्त बनाने में योगदान दे।फिल्म दर्शकों के दिलो-दिमाग पर प्रभाव छोड़ने वाली हो। इस सीरीज की पिछली फिल्मों में भी यही गुण देखा गया था, जिसकी वजह से उन्हें सफलता मिली थी। मर्दानी 2 2019 में आई थी। यह एक सीरियल किलर और रेपिस्ट को पकड़ने की कहानी थी।मर्दानी 3 के बारे में रानी एक पुराने इंटरव्यू में कह चुकी हैं, ÷मर्दानी और मर्दानी 2 दोनों में ही ऐसे मुद्दों को उठाया गया, जिन्हें सबके बीच लाना जरूरी था। ऐसे में मर्दानी 3 में किसी ऐसे विषय को छेड़ा जाएगा, जिसका कोई मतलब हो। जब तक वो महत्वपूर्ण चीज नहीं मिलती, फिल्म बनाने का कोई फायदा नहीं है।

हाथियों की घुसपैठ के दौरान बिजली सप्लाई बंद, ड्रोन से रखेंगे नजर

लोरमी/नवप्रदेश। वनांचल क्षेत्र के सामान्य रेंज खुड़ाया वनपरिक्षेत्र में एक बार फिर से हथियों के मूवमेंट को देखते हुए विभाग ने थर्मल ड्रोन से निगरानी करने निर्णय लिया है। नर हाथी की करंट से मौत के बाद विभाग ने वन्य प्राणियों की निगरानी में सक्रियता दिखाने के साथ आठ गांव की बिजली सप्लाई रोकने निर्देश दिया है। इसके अनुसार जब-जब हाथियों के मूवमेंट की जानकारी मिलेगी, तब-तब बिजली सप्लाई बंद कर दी जाएगी। नर हाथी की भूतकछार बीट के 486 में शिकारियों ने 11 केव्ही से अवैध तार बिछाया था, जिसके बाद 21 नवंबर को करंट से एक नर हाथी की मौत हो गई थी।

विभाग ने हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन सिस्टम से करने निर्णय लिया है। इस तकनीक से दिन एवं रात दोनों समय विभाग को हाथियों पर निगरानी करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में वनक्षेत्र में हाथी मित्र दल एवं निगरानी दल जैसे अभियान चलाकर ग्रामीणों को जोड़ा जाएगा, जो पूरे समय काम करेगी। हाथी की मौत के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सुरक्षागत कारणों को मजबूती से कार्य करने प्रपोजल तैयार कर प्रस्ताव उच्चाधिकारियों के टेबल पर रखें जा रहे हैं।

अस्थायी तौर पर बिजली बंद

वन विभाग एसडीओ हंसदास सूर्यवंशी ने बताया कि हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन से की जाएगी। विद्युत विभाग को आठ ग्रामों के क्षेत्र में हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए अस्थाई रूप से सुरक्षागत कारणों से पत्र लिखा गया था। मामले में विभागीय जांच जारी है, जवाबदार कर्मचारियों के ऊपर भी सख्त कार्रवाई होगी।

बरती गई लापरवाही

वनक्षेत्र में बीट गार्ड से लेकर डिप्टी रेंजर सहित उच्चाधिकारियों जिम्मेदारी तय होती है, लेकिन हाथी का शव दो दिन बाद मिलने की जानकारी विभाग को मिलती है। मध्यस्थता के अभाव से यह घटना प्रतीत होती है, जब पंडरिया वनांचल के वन विभाग के कर्मचारियों की सूचना के बाद भी हाथी की निगरानी में लापरवाही क्यों बरती गई।

आठ गांव रहे अंधेरे में

जंगल क्षेत्र में विचरण के बाद आठ ग्रामों में बिजली को अस्थाई रूप से सप्लाई बंद करने का पत्र उप वन मंडलाधिकारी ने विद्युत वितरण विभाग को लिखा है, जिसपर विभाग ने उक्त ग्रामों में बुधवार की रात बिजली सप्लाई बंद कर दी। यहां ग्राम भूत कछार और डोंगरीगढ़ लोरमी से एवं 6 गांव की बिजली की सप्लाई पंडरिया फीडर से होती है। बिजली बंद होने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए अंचल के लोगों के साथ अन्याय का आरोप लगाया है।

मूवमेंट पर बंद होगी बिजली

मुंगेली डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने बताया कि, हाथी की मौत के मामले में मोबाइल के कॉल डिटेल पुलिस से मिल गए हैं। बिजली पूरी तरह से बंद करने नहीं लिखा गया है। अगर हाथी का मूवमेंट वन क्षेत्र में होता है तो उस मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद बिजली सप्लाई बंद करने कहा गया है, ताकि हाथियों को किसी तरह का नुकसान न हो।

बलरामपुर में हाथी ने महिला पर किया हमला

बलरामपुर। बलरामपुर जिले में हाथी ने एक महिला पर हमला कर दिया। उसे घसीटकर दो टुकड़े कर दिए। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हाथियों के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस इलाके में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी घटना है।

घर में घुस किया हमला : दरअसल जिले के शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र के टोली गांव में रहने वाली महिला बसंती देवी के घर में हाथी घुसने लगा। हाथी को घर के अंदर आते देख महिला घर छोड़कर भागने लगी। हाथी ने उसका पीछा किया और हमला कर दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। हाथी ने महिला के शव को काफी दूर तक घसीटा, जिससे शव के दो टुकड़े हो गए। इस घटना की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

दो शावकों समेत 4 भालू कुएं में गिरे

■ कोरिया वन मंडल के सॉंस गांव की घटना

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया वन मंडल अंतर्गत पिपरहिया बीट के सोंस गांव में एक कुएं में दो शावकों समेत चार भालू देर रात्रि कुएं में गिर गए। इसकी खबर गांव में फैलते ही मौके पर देखने वालों की भीड़ लग गई। यहां के ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, इसके बाद वन अमले की टीम ने रेस्क्यू कर 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नर- मादा और दो शावक सहित 4 भालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। दरअसल जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सॉस गांव में एक किसान के खेत में अनुपयोगी कुआं स्थित है। इसके आसपास अरहर और मूंगफली की खेती की जा रही थी। माना जा रहा है कि भालू इन्हें खाने के लिए खेत में आए होंगे इसके बाद वह अनुपयोगी कुएं में गिर गए।

भालू बुधवार की रात कुएं में गिर गए थे। लोगों को इस बात की सूचना 30 नवंबर को लगी।

6 घंटे तक चला रेस्क्यू अभियान

भालुओं को बचाने के लिए गुरुवार की सुबह 10 बजे से ही रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जो करीब 4 बजे तक चला। इस दौरान मौके पर डीएफओ, एसडीओ समेत रेंजर तथा अन्य वनकर्मी डटे रहे। वन विभाग के द्वारा भालुओं का सुरक्षित कुएं से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। कुएं से बाहर निकलते ही भालू वन परिक्षेत्र बैकुंठपुर के जंगल की ओर दौड़ गए।

ग्रामीण जब उस कुएं के पास पहुंचे तो गांव वालों ने सुना की कुएं के अंदर से एक अजीब तरह की आवाज आ रही है। आवाज सुनते ही ग्रामीणों ने तुरंत उसके अंदर देखा जहां भालू पानी में इधर से उधर चल रहे थे। भालू पानी में होने के बाद भी किसी तरह से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे। वहीं आसपास के लोगों को भी इस बात का जानकारी जैसे ही लगी भालू को देखने ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

मजदूरों को अब मनरेगा से मिलने लगा है गांव में ही काम

■ पाटन के 87 ग्राम पंचायतों में शुरु हुआ काम

पाटन/नवप्रदेश। जनपद पंचायत पाटन के 108 ग्राम पंचायत में जल्द ही मनरेगा का काम तेजी से शुरू हो जाएगा। अभी वर्तमान में 87 ग्राम पंचायत में मनरेगा का काम शुरू हुआ है। इनमें नाली निर्माण सहित पौधारोपण व अन्य कार्य मनरेगा के माध्यम से कराया जा रहा है । अभी वर्तमान में पाटन ब्लॉक में 1860 मजदूरों को मनरेगा के तहत काम मिल रहा है। वही ग्राम पंचायत के द्वारा मनरेगा के कार्य करने के लिए जो प्रस्ताव दिए गए थे उन सभी कार्यों की स्वीकृति हो जाने की भी खबर है। धान की कटाई हो जाने के बाद मनरेगा के कार्य में तेजी आने की संभावना भी जताई जा रही है। इसके लिए मनरेगा शाखा जनपद पंचायत पाटन के द्वारा व्यापक तैयारी भी की जा रही है साथ ही साथ अभी वर्तमान में जो मनरेगा का कार्य हो रहा है उसका सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

जनपद पंचायत पाटन में अभी मनरेगा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत में जो कार्य हो रहे हैं उसमें महिला मजदूरों के द्वारा ट्री गार्ड निर्माण, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों को पंचायत के माध्यम से कराया जा रहा है। वर्तमान में पाटन ब्लॉक के लगभग 87 ग्राम पंचायत में मनरेगा का कार्य शुरू है। जिसमें से 1860 मजदूरों को मनरेगा के तहत कार्य मिल रहा है। वर्ष 2023- 24 के लिए भी 3173 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है । जिनमें जल्द ही कार्य को सुचारू रूप से प्रगति दिया जाएगा। इसके लिए जनपद पंचायत पाटन के मनरेगा शाखा के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती डालीम लता ने पिछले दिनों ग्राम पंचायत के रोजगार सहायकों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही साथ अभी तक जो कार्य ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहा है उसकी भी प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा आगामी दिनों में जब धान की कटाई हो जाएगी उसके बाद से मनरेगा के कार्य को गति प्रदान करने के भी निर्देश मारेगा के कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा रोजगार सहायकों को दिया गया है।

जल स्त्रोत बढ़ाने के उपाय पर फोकस

पाटन ब्लॉक में लगातार मनरेगा के कार्य से जल स्त्रोत बढ़ाने का उपाय किया जा रहा है। तालाब गहरीकरण के अलावा नए तालाब निर्माण के साथ-साथ नाली निर्माण व नालियों की साफ सफाई किया जा रहा है ।नए तालाब निर्माण से जहां पानी बरसात का पानी एकत्र होता है वही पुराने तालाब का गहरीकरण से पानी की स्टोरेज क्षमता बढ़ जाती है। इससे जिन गांवों में यह सब कार्य होते हैं उन गांव का बोर ,हैंड पंप का जलस्तर भी बढ़ जाता है। मनरेगा के तहत यही सब कार्यों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। जिससे कि गांव-गांव में जल स्त्रोत बनी रहे और पेयजल व सिंचाई के लिए जल की संकट उत्पन्न हो। इसके लिए इन्हीं कार्य पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है ।

चुनावी भागदौड़ के बाद विधायक का दिखा रोमांटिक अंदाज, पत्नी संग बनाई रील

जशपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के लिए 7 और 17 नवंबर को मतदान हो गया है। अब इसका परिणाम 3 दिसंबर को आ जएगा, इससे पहले विधायक और मंत्री प्रचार-प्रसार करते हुए नजर आ रहे थे। मतदान होते ही सब रिलेक्स जोन में दिखाई दे रहे हैं और कुछ तो इतना ज्यादा रिलेक्स हो गए कि, रील बनाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो डाल रहे हैं।

जशपुर से कांग्रेस विधायक विनय भगत ने पत्नी के साथ रील बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद से यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वैसे भी विधायक विनय अपने डांस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही कुछ किया।

वन विभाग में नौकरी के नाम पर ठगी आरक्षक पर 420 का जुर्म दर्ज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से लाखों रूपए की ठगी करने वाले आरक्षक के खिलाफएसपी से शिकायत की गई है।

सूत्रों ने बताया कि आरोपी आरक्षक जालबांधा थाने में पदस्थ रहते हुए यह धोखाधड़ी की है। वन विभाग में फारेस्ट गार्ड के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर दो युवकों से 2 लाख रुपए की ठगी की थी।

जानकारी मुताबिक आरक्षक भागवत मेश्राम ने दुर्ग निवासी वीरेंद्र साहू और विवेक साहू को फारेस्ट गार्ड की नौकरी लगाने का झांसा दिया। इसके लिए दोनों से एक-एक लाख रुपए की मांग की। दोनों युवकों ने नौकरी की लालसा में उन्हें दो लाख रुपए दिए। लेकिन इसके बाद भी उनकी नौकरी नहीं लगी। युवकों ने भागवत मेश्राम से अपने रुपए वापस मांगे, लेकिन वह आना-कानी करने लगा। फोन भी रिसीव करना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ितों ने मामले की शिकायत खैरागढ़ एसपी से की। मामले की जांच के बाद कोतवाली थाने में आरोपी आरक्षक के खिलाफधारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

नहीं हो रहा खाद्य विभाग का ईमेल आईडी एक्सेस

महासमुंद/नवप्रदेश। कार्यालय, कलेक्टर , महासमुन्द का ई-मेल आई डी है, जो कार्यालयीन शासकीय पत्र व्यवहार के उपयोग के लिये है किन्तु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विगत 21 नवम्बर, 2023 से इस ई-मेल आईडी/पासवर्ड को हैक कर लिया गया है। कार्यालय द्वारा अनेक बार उक्त ई-मेल आई डी का पासवर्ड परिवर्तित किया गया किन्तु अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रत्येक परिवर्तित पासवर्ड को पुनः परिवर्तित कर दिया गया है। वर्तमान में इस कार्यालय की उक्त ई-मेल आई.डी एक्सेस नहीं हो रही है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि विभिन्न कार्यालयों एवं व्यक्तियों के द्वारा मुझे जानकारी दी जा रही है कि इस कार्यालय कि ई-मेल आई.डी. से उन्हे संदेहास्पद एवं अनर्गल संदेश प्राप्त हो रहे हैं। तत्संबंध में इस कार्यालय से संबंधित सभी विभाग विभाग प्रमुख, प्रतिष्ठान एवं व्यक्तियों के संज्ञान में ला रहा हूँ कि कार्यालय कलेक्टर , जिला महासमुन्द की ई-मेलआई.डी से प्राप्त पत्र एवं संदेश को इस कार्यालय द्वारा प्रेषित नहीं माना जावे तथा इस कार्यालय से संबंधित पत्र व्यवहार उक्त ई-मेल आई.डी. के माध्यम से नहीं किया जावे।

एनआरसी पाटन से 453 बच्चे लाभान्वित

■ एम्स रायपुर और यूनिसेफकी टीम कर रही टेली मानिटरिंग

पाटन/नवप्रदेश। बच्चो को ही देश का भविष्य कहा जाता है। ऐसे में जब बच्चे बचपन में ही कुपोषित हो जाते है तो उसका जीवन भर हमेशा बीमारियों से लड़ना पड़ता है। जिससे की स्वच्छ समाज स्थापना की कल्पना बेमानी हो जाती है। कुपोषित बच्चो को सुपोषित बनाने के लिए शासन ने महत्वपूर्ण योजना बनाकर पाटन में पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना की है। जिसे एन आर सी के नाम से जाना जाता है। पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में स्थित इस केंद्र में अभी तक 453 कुपोषित बच्चों का इलाज कर सुपोषित किया जा चुका है। यह पाटन के लिए बड़ी उपलब्धि है। पाटन स्थित एन आर सी सेंटर कुपोषित बच्चो के लिए वरदान साबित हो रही है।

छत्तीसगढ़ शासन दुर्ग जिले को कुपोषण मुक्त करने कलेक्टर दुर्ग पुष्पेंद्र मीणा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से कार्य किए जा रहे हैं।

डॉ. जे पी मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग, विपुल कुमार गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी पाटन , डॉ. सतीश मेश्राम जिला स्वास्थ्य अधिकारी , डॉ. दिव्या श्रीवास्तव नोडल अधिकारी (शिशु स्वास्थ्य) , डॉ. रश्मि भोसले जिला सलाहकार (शिशु स्वास्थ्य) एवं महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा, पुष्पा गुप्ता द्वारा निरंतर समीक्षा करते हुए क्षेत्र में गंभीर कुपोषित को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर बच्चों के पोषण सुधार किए जा रहे हैं।

बच्चों के डिस्चार्ज के बाद भी मानिटरिंग सुविधा

पोषण पुनर्वास के केंद्र से जब बच्चे सुपोषण के स्टार पर आ जाते है तब उन्हें केंद्र से डिस्चार्ज करते हैं। लेकिन इसके बाद भी इस केंद्र के माध्यम से बच्चों का मानिटरिंग किया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र में विशेष फॉर्मूला एफ 75 एवं एफ 100 फीड़िंग दी जाती है। पोषण पुनर्वास केंद्र से डिस्चार्ज उपरांत बच्चों को महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से सी सैम में पंजीयन कर समुदाय स्तर पर आगामी पोषण सुधार किया जाता है।

इनका सहयोग महत्वपूर्ण

नेशनल हेल्थ मिशन एवं जिला खनिज न्यास संस्थान जिला दुर्ग एवं जीवन दीप समिति पाटन के विशेष संयुक्त प्रयास से इसका संचालन में मदद मिल रही है। यही कारण है को यहां पर काफी अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह पोषण पुनर्वास केंद्र पाटन संभवतः पहला केंद्र जहां मिलेट्स (श्री अन्न) से एंपावर्ड है। इसके अलावा जरूरत पढ़ने पर बच्चों को फिजियोथेरेपी भी दी जाती है। इस केंद्र पर श्रीमती विधि गौतम और श्रीमती चांदनी साहू स्टाफ नर्स द्वारा विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा बच्चो की माताओं का भी पोषण स्तर ज्ञात कर उन्हे भी ईलाज परामर्श दिया जाता है।

कोयला काटने की सरफेस माइनर मशीन आग के हवाले

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल की खदानों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर केवल उत्पादन बढ़ाए जाने पर ही जोर दिया जा रहा है। गेवरा के बाद अब कुसमुंडा खदान में सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान कोयला काटने की सरफेस माइनर मशीन में आग लग गई और कंपनी को 3.65 करोड़ रूपये की आर्थिक क्षति उठानी पड़ी।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की खदानों में इन दिनों सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, पर सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान ही मेगा परियोजनाओं में लगातार दुर्घटनाएं होते जा रही है। कोयला उत्पादन बढाने के दबाव में प्रबंधन सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है। कर्मचारी जान जोखिम में डाल कर प्रबंधन के दबाव में काम कर रहे है। गेवरा खदान में लगातार दुर्घटन होने के बाद अब सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान ही दूसरी मेगा परियोजना गेवरा में सरफेस माइनर मशीन में आग लग गई।

बताया जा रहा है कि बुधवार को द्वितीय पाली (शिफ्ट) में कोयला कटिंग कार्य में लगी सरफेस माइनर मशीन एलएनटी नंबर 49 को आपरेटर रामखिलावन (वोल्टास कंपनी) लेकर खदान में कार्य कर रहा था, तभी अचानक मशीन में आग लग गई। आपरेटर कुछ समझ पाता, इसके पहले ही आग ने मशीन को पूरी तरह अपने काबू में ले लिया। आपरेटर ने मशीन से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों व दमकल को दी गई, पर जब तक दमकल स्थल पर पहुंचती, तब तक मशीन पूरी तरह जल चुकी थी। जानकारी मिलते ही शिफ्ट इंचार्ज समेत अन्य अधिकारी स्थल पर पहुंचे और मशीन का जायजा लिया।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में इस मशीन की कमीशनिंग कर खदान में कार्य करने के लिए उतारा गया था और अभी तीन वर्ष भी नहीं बीते थे कि मशीन में आग लग गई।

पीएचई के ईई की संदिग्ध मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मृतक के शरीर में चोटों के निशान मिलने से मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है। मानिकपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

सूत्रों ने बताया कि मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत घंटाघर के समीप पावर हाइट्स के मून ब्लॉक के आवास क्रमांक 304 में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश धवनकर निवास करते थे. उन्हें गुरुवार की देर शाम इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया. मामला संदिग्ध होने के कारण डॉक्टर ने तत्काल अस्पताल पुलिस को मेमो भेज दिया. जैसे ही सिंचाई विभाग के अफसर के मौत की खबर मिली तो पुलिस हरकत में आ गई. पूछताछ कर रही है।

लाखों की लागत से बनी चौपाटी खस्ताहाल

कोंडागांव/नवप्रदेश। शहर को साफ व सुंदर बनाने की पहल के साथ ही नगर पालिका के द्वारा शहर के हृदय स्थल को चौपाटी के रूप में तब्दील करने की योजना केवल नाम तक ही सिमट कर रह गई। तहसीलपारा स्कूल के ठीक सामने के मैदान को चौपाटी में तब्दील करने के लिए यहॉ नगर पालिका के द्वारा एक दर्जन से ज्यादा छोटी-छोटी दुकाने भी बनाई गई और यहॉ बच्चों के मंनोरंजन के लिए झुले आदि भी लगाए गए थे। लेकिन आज तकरीबन छहसाल बीत गए पर चैपाटी अस्तित्व में नहीं आया। जिम्मदारों ने समय-समय खानापूति करते हुए कागजी कार्यवाही के साथ ही सड़क-किनारे अपनी दुकान सजाने वाले लोगों पर भी कार्यवाही तो की, लेकिन इसका कोई असर नही हुआ और चैपाटी में बनी दुकाने समय के साथ ही जजर्र स्थिति में आ गई। जबकि यहॉ बनी दुकानों के लिए बकायदा नगर पालिका इसके लिए पंजीयन भी किया गया और दुकाने भी आंबटित हुई तो थी, लेकिन एक भी दिन इस चैपाटी परिसर में दुकाने सज नहीं आई वहीं शायद जिम्मेदारों ने भी अपनी जिम्मेदारी कही न कही पूरी तरह से नहीं निभाई होगी जिसके चलते लॉखों रूपए खर्च करने के बाद भी यह चौपाटी नाम में ही सिमट कर रह गया।

धरना स्थल बन रह गया यह परिसर-

चैपाटी तो नहीं सज पाई, लेकिन यह पूरा परिसर अब धरना स्थल में तब्दील होकर रह गया है। यहॉ आए दिन धरना-प्रदर्शन सहित राजनीतिक व अन्य आयोजन होते रहते है। वहीं इस परिसर की मरम्मत की स्थिति भी खस्ता ही है यहॉ कभी-कभार ही साफ-सफाई होती है। बाकी दिन इस पूरे परिसर में फैले हुए कचरे ही नजर आते है।